हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

10 लाइन मैन की जगह स्टॉफ से करा रहे काम, सुरक्षा उपकरण से भी वंचित



11 शासकीय प्रक्रियाओं में सरलीकरण, पारदर्शिता व उत्तरदायी प्रशासन ही सुशासन का आधार: जितेन्द्र





# मैत्रीबाग में सोलर पैनलों के नीचे होगी घास की फार्मिंग

## हिरणों और सांभरों को जल्द मिलेगी बर्सिम व चैरी घास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर के जानवरों को अब जल्द ही मैत्रीबाग में तैयार भरपूर चारा उपलब्ध हो सकेगा। यहां निर्माणाधीन सोलर प्लांट के पैनल के नीचे पर्याप्त मात्रा में घास की फार्मिंग की जाएगी। इससे जानवरों को अधिक गुणवत्तायुक्त चारा मिलने के साथ इसमें खर्च होने वाला समय बचेगा व राजस्व बचेगा।

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग में क्रेडा और भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसएआर विभाग के द्वारा 450 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। प्लांट का निर्माण कार्य पचास प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। निर्माणाधीन प्लांट के पैनलों की फिटिंग का काम चल रहा है। पैनलों के नीचे खाली स्पेस में मैत्रीबाग के शाकाहारी जानवरों के लिए बर्सिंग और चेरी आदि घास उगाई जाएगी। ग्रास फार्मिंग में तैयार क्विंटलों घास यहां हिरणों, सांभरों और नीलगाय आदि जानवरों को बतौर चारा दी जाएगी। अभी जानवरों के लिए यह घास बाहर से ठेके पर मंगाई जाती है। मैत्रीबाग में पर्याप्त मात्रा में बर्सिम घास के तैयार होने से प्रबंधन को बाहर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वक्त की भी बचत होगी। जू में सौ से अधिक हिरण, पंद्रह नील गाय और करीबन तीस सांभर हैं।



### सौर ऊर्जा से जगमगाएगा मैत्रीबाग

मैत्रीबाग में निर्माणाधीन सोलर प्लांट फरवरी माह के अंत तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। पचास फीसदी काम पूरा हो चुका है। करीबन पंद्रह फीट ऊपर प्लांट के नीचे पैनल लगाए जा रहे हैं। प्लांट के शुरु हो जाने से पूरा मैत्रीबाग इस प्लांट में उत्पादित सौर ऊर्जा से ही जगमगाएगा। इससे बिजली की बचत होगी और सौर ऊर्जा मुहिम का बढावा मिलेगा। बीएसपी के महाप्रबंधक और उद्यानिकी प्रमुख व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि 250 मेगावाट सोलर प्लांट से मैत्रीबाग को दोहरा लाभ होगा। सोलर की बिजली से मैत्रीबाग जगमग होगा और यहां उगाई जाने वाली बर्सिम व चेरी घास से यहां के जानवरों को चारा उपलब्ध हो सकेगा। यह प्रबंधन व क्रेडा की अच्छी पहल है।

## खबर संक्षेप



### अटल को याद कर मनाया गया सुशासन दिवस

दुर्ग। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी है। अटल बिहारी वाजपेई के सपनों को साकार करने करते हुए छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर में जिला पंचायत सभा कक्ष में काव्या जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रूपेश पांडे, अरदीप डीडी मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, गौरव मिश्रा एवं जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### ननि चुनाव प्रत्याशियों के लिए व्यय सीमा प्रस्तावित

दुर्ग। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के दौरान महापौर/अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिये निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा संबंधी अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कराई गई है। यह व्यय सीमा 2011 की जनगणना जनसंख्या अनुसार तय की गई है। नगर पालिक निगम पांच लाख से अधिक 25 लाख रुपये, तीन लाख से पांच लाख तक 20 लाख रुपये तथा तीन लाख से कम 15 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद में 50 हजार या उससे ऊपर 10 लाख रुपये और 50 हजार से कम 8 लाख रुपये तथा नगर पंचायत के लिए 6 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित की गई हैं।

### कबड्डी स्पर्धा के लिए बीएसपी टीम का चयन 27 से

भिलाई। छ.ग. कबड्डी संघ द्वारा निकट भविष्य में आयोजित होने वाली छग राज्य अंतर जिला वरिष्ठ (पुरुष एवं महिला) एवं सब-जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिएभिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग एवं बीएसपी कबड्डी क्लब द्वारा पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड में 27 दिसंबर को शाम 4 बजे से चयन स्पर्धा है। चयन स्पर्धा के लिए चयनकर्ताओं सुनिल कुमार गौड विमला चंदेल पुरुषोत्तम रेड्डी तथा विकास कुमार से संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित पात्रता प्राप्त प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## विडंबना: सभी फ्लाईओवर की सड़कों में सैकड़ों गड्ढे बन रहे दुर्घटना के कारण

# ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए बने आधा दर्जन फ्लाईओवर में जर्किंग की है तकलीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर में ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए बने आधा दर्जन से अधिक फ्लाईओवर अब समस्या बनते जा रहे हैं। कई फ्लाईओवरों की सड़कें छह महीने के अंदर ही उखड़ने लगी हैं और जर्किंग की समस्या से वाहनचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ ओवरब्रिजों में स्ट्रीट लाइट भी बंद रहने से रौशनी कम रहती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भिलाई में पटरीपार और टाउनशिप में सात ओवरब्रिज और फ्लाईओवरों का निर्माण किया गया है। इससे शहर में ट्रैफिक की समस्या के निदान में काफी मदद मिली है। लेकिन कई अन्य समस्याओं के कारण वाहनचालकों को दिक्कतें हो रही हैं। फोरलेन पर पिछले साल चार फ्लाईओवरों का निर्माण हुआ है। इनमें प्रियदर्शनी परिसर से चंद्रा मौर्या टाकीज तक दूसरा पावरहाउस से आईटीआई तीसरा डबरापारा फ्लाईओवर फिर कुम्हारी फ्लाईओवर है। इनके अलावा टाउनशिप में पुराना दुर्ग बत्तीस बंगला वायशेप फ्लाईओवर के अलावा तालपुरी के आगे ठगड़ा बांधा ओवरब्रिज और मड़ौदा बस्ती उतई रोड में ओवर ब्रिज का निर्माण पिछले साल किया गया है। इन सभी ओवरब्रिजों के शुरु हो जाने से ट्रैफिक जाम की स्थिति के अलावा कुछ हद तक दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। लेकिन अधिकतर ब्रिजों का निर्माण में टेक्नीकली फाल्ट होने से कुछ समस्याओं के चलते आवागमन दुरुह, दुर्घटनाजन्य और तकलीफदेह बना हुआ है।

### नेशनल हाइवे, दुर्ग से वाई सेप ब्रिज सहित टाउनशिप के ब्रिज में समस्या

#### नए अंडरब्रिजों में भी भरता है पानी

फ्लाओवरों की तरह नए अंडरब्रिजों में भी बरसात के मौसम में पानी भर जाने की समस्या बनी हुई है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ वाहनचालकों को परेशानी भी होती है। सालभर पूर्व उद्घाटित नेहरुनगर अंडरब्रिज और जेपी चौक सुपेला अंडरब्रिज में भी पानी के रिसाव की समस्या बनी रहती है। इस तरह की समस्या पहले चंद्रा मौर्य टाकीज व प्रियदर्शनी नगर अंडरब्रिज में पिछले पंद्रह साल से बनी हुई है। सिविल इंजीनियरों के मुताबिक इसकी वजह निर्माण में तकनीकी फाल्ट का होना है।



#### उखड़ती सड़कें, अंधेरा व जर्किंग

छह महीने पूर्व उद्घाटित फोरलेन के चारों फ्लाईओवर सहित अधिकतर ओवरब्रिजों के निर्माण में टेक्निकली फाल्ट होने से वाहनचालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दो स्लैब व पिलर के बीच सड़क पर बारीक नालीनुमा कटिंग पर से गुजरने से वाहन खट की आवाज के साथ चालकों को जर्किंग समस्या से तकलीफ होती है। सड़क समतल नहीं होने या कटिंग पर ब्रेकर की तरह रबर कवर फिटिंग नहीं होने से वृद्धों, महिलाओं, बच्चों व जोड़ों के दर्द से पीड़ितों को कमर दर्द होता है। एंबुलेंस के भी उछलने से गंभीर मरीजों को तकलीफ होती है। इसी तरह जीई रोड ओवरब्रिज व बत्तीस बंगला आदि फ्लाईओवर की एक तरफ की स्ट्रीट लाइट बंद होते रहने से रौशनी कम रहती है।

# नाबालिग छात्रा के हत्यारे को बीस साल की मिलेगी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- आरोपी की सजा हाईकोर्ट ने भी रखा बरकरार

नाबालिग छात्र ने छेड़खानी का विरोध करने पर युवक ने ट्यूशन जाते समय को डाली से शेर और सीने में हमला कर मौत के घाट उतारा था। जिसे लेकर आरोपी को मिले सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर अपील को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति ए के प्रसाद की खंडपीठ ने खारिज कर दिया। आरोपी ने इस सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन हाईकोर्ट ने ठोस गवाहियों और सबूतों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि सजा विधि सम्मत है और इसे बरकरार रखा गया। मामले में एक जागरुक नागरिक की गवाही निर्णायक साबित हुई। गवाह ने घटना के दिन आरोपी को खून से सने कपड़ों में पीड़िता को ढकते हुए देखा था। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर उसने पुलिस थाने जाकर अपनी गवाही दी और आरोपी की पहचान की।

### बालिग होने पर हत्या में 20 साल की सजा

आरोपी घटना के समय नाबालिग था, लेकिन बालिग होने पर 7 फरवरी 2024 को सत्र न्यायालय ने उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 2000 रुपये जुर्माने तथा धारा 201 के तहत 1 वर्ष के कारावास और 1000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### ऐसे हुआ था हमला

शिवाजी छत्रपति नगर, गांधी पार्क मैत्री कुंज रिसाली के पास नाबालिग छात्रा पर 13 जून 2019 को उस समय हमला किया गया। जब वह ट्यूशन जा रही थी। आरोपी ने सिर और सीने पर कुदाली से वार कर छात्रा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्रा को सेक्टर 9 अस्पताल और बाद में रामकृष्ण अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच के दौरान छात्रा की सहेली, ट्यूशन टीचर्स और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए। आरोपी के खून से सने कपड़े और हत्या में प्रयुक्त हथियार जब्त कर डीएनए जांच कराई गई। डीएनए रिपोर्ट में हथियार और कपड़ों पर मिले खून को पीड़िता का होना पुष्टि किया गया।

# मेला देखने गए नाबालिग की हत्या पुलिस को मिला अहम सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- खुलासा होगा जल्द, अमलेश्वर थाना एरिया की घटना

नाबालिक युवक की हत्या कर लाश को फिर करने फिर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पंहदा गांव का है। युवक का नाम 16 वर्षीय उमेश यादव है। पाटन एसडीओपी हरीश पाटिल ने बताया कि मृतक पहंदा निवासी उमेश यादव है। वो मंगलवार को मड़ई मेला देखने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि उसका कुछ लोगों से विवाद हों गया। उसके बाद से उमेश घर नहीं पहुंचा था। सुबह कुछ लोगों ने पहंदा से जंगल की ओर जाने वाले नाका के पास सड़क किनारे एक शव पड़ा मिला। पहले लोगों को संदेह हुआ कि सड़क हादसा होगा। लेकिन जब करीब से लोगो ने देखा तो जब उमेश के सीने में खंजर से मारा गया है और जगह पर काफी खून पड़ा है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच कर अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम किया। मृतक प्लाईवुड कंपनी में काम करता था। मौके पर अमलेश्वर पुलिस के साथ ही एसडीओपी पाटन हरीश पाटिल और एडिशनल एसपी ग्रामीण वेदवृत सिरमौर भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिंक की टीम को भी बुलाया और मौके से साक्ष्य लिए गए। टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया गया है। आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

### संदेहियों से पूछताछ जारी

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने 7 संदेहियों को पकड़कर पूछताछ किया जा रहा है। सभी लोग मृतक से घटने के पहले किसी ना किसी कारण से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है संदेहियों से पूछताछ करने के बाद ही अहम सुराग हाथ लग पाएगा। फिलहाल पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है। पुलिस सूत्रों का दवा है कि नाबालिग को मौत के घाट उतारने वाला कोई ना कोई पहचान वाला भी हो सकता है। जल्द इसका खुलासा पुलिस करेगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

दुर्ग। सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा आज आयोजित 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मतस्य सहकारी समितियों के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यकम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का उद्बोधन लाईव प्रशारण के माध्यम से श्रवण किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न समितियों के 75 कृषक एवं कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषकों वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों द्वारा लाईव प्रसारण चलाकर कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। समितियों में संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेन्ट्र) एवं माईक्रो एटीएम के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# उधारी रकम नहीं लौटने पर दोस्त की हत्या कर हुआ था फरार, कवर्धा से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- खुर्सीपार क्षेत्र की घटना, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मिली सफलता

लोकेश बंजारे हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 6 दिसंबर की रात 10.30 बजे वीरागना अवंती बाई भवन के पास नहर किनारे लोकेश्वर बंजारे कि हत्या कर लाश को फेक कर फरार हो गया था। आरोपी ने सिर पर पत्थर पटककर हत्या की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं संदिग्धों से पूछताछ करने पर अहम सुराग हाथ लगा। मृतक लोकेश्वर बंजारे और अजय यादव उर्फ टंगिया आपस में दोस्त है। शराब पीकर रकम के लेन देन की बात पर वाद विवाद करते घटना स्थल वीरागंना अवंती बाई भवन के पीछे पहुंचे थे। आरोपी अजय यादव ने लोकेश्वर बंजारे कि हत्या कर फरार हो गया था। फरार आरोपी अजय यादव को पकड़ने पुलिस ने टीम बनाई थी। टीम में खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज का अहम योगदान रहा है। टीम ने आरोपी के रिश्तेदारों, परिचितों पर लगातार पैनी नजर लगाकर रखी थी।



### मोबाइल सीडीआर से मिला अहम सुराग

मोबाईल नम्बरों के सीडीआर मिलने जांच किया गया। इस दौरान टीम को पता चला कि आरोपी कवर्धा में है। पुलिस तुरंत पकड़ने तुम को रवाना किया गया। कवर्धा में पतासाजी कर आरोपी अजय यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ पर आरोपी अजय यादव ने बताया कि वह लोकेश्वर को एक माह पहले 3000 रूपए उधारी दिया था। रुपए नहीं लौटने को लेकर विवाद हुआ और आक्रोश में आकर हत्या कर दी।

## रिसाली और भिलाई निगम क्षेत्र में 50-50 लाख की लागत से बनेगा अटल परिसर

# छत्तीसगढ़ राज्य का सपना अटल ने किया पूरा: सांसद बघेल

### गौरव बनेगा अटल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर भिलाई नगर निगम और रिसाली नगर निगम में 50-50 लाख के अटल परिसर का भूमिपूजन सांसद विजय बघेल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। सांसद ने अपने संबोधन में अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ के सपने को साकार उन्होंने किया है। रिसाली सेक्टर में 50 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद की मौजुदगी में शिलालेख का अनावरण किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ के स्वप्न को दिवंगत प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल ने ही पूरा किया। उन्होंने रायपुर के आमसभा का स्मरण करते हुए कहा कि जिस सभा में अटल ने छत्तीसगढ़ निर्माण की घोषणा की थी उसमें वो मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अटल जी छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण किया है। उनका हम सब पर कर्ज है। हमें उसी श्रद्धा के साथ स्मरण करना चाहिए। उन्होंने सभा को संबोधित करते कहा कि अटल जी सर्वमान्य नेता थे। वहीं विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अटल जी का जीवन देश सेवा में समर्पित रहा।



भूमिपूजन कार्यक्रम को निगम सभापति केशव बंछोर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने संबोधित किया।

### अटल की सजेगी मूर्ति

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नेहरू नगर पूर्व में अटल परिसर का भूमि पूजन किया गया। अटल परिसर का भूमि पूजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के 100वी जयंती के अवसर पर किया गया । जिसमें छत्तीसगढ़ का नक्शा, अटल बिहारी वाजपेई की 6 फीट की मूर्ति, चारों तरफ सुंदर लाइटिंग, बागवानी, पाथवे इत्यादि से सजाया जाएगा। भिलाई नगर की जनता के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

महापौर नीरज पाल अपने उद्बोधन मे बताया कि सभी पार्टियों के नेता अटल जी का सम्मान करते थे। वह सर्वमान्य नेता थे। सभी उनके विचारों को सुनते थे। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अटल जी के विचारों को साझा करते हुए कहा, अद्भुत शैली के धनी थे। एक अच्छे विचारक, राजनेता, कवि हृदय, स्पष्ट वक्ता थे, अपने विचारों को दृढ़ता के साथ करते थे। लोकसभा हो या राज्यसभा देश हो या विदेश हर जगह प्रखरता के साथ अपने विचारों को रखते थे। दुर्ग के सांसद विजय बघेल भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता अटल जी का ऋणी है जिन्होंने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। छत्तीसगढ़ विकास के क्षेत्र में पूरे देश में एक नया मुकाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रसारण उपमुख्यमंत्री एवं नगरी निकाय मंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, एवं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का लाइव उद्बोधन जशपुर से सुन करके सभी अनुग्रहित हुए।



# मकान में लगी आग, लाखों रुपए कैश जला, 40 से अधिक मुर्गियां मरी



भिलाई । आग लगने से ग्राम बानबरद में राहुल निषाद के घर में अचानक आग लग गई। घटना में 40 से अधिक मुर्गियां जिंदा जल गए। खबर लगने पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की फायर टीम पहुंच गई। आगजनी का अज्ञात है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बानबरद गाव में स्थित राहुल निषाद के घर मे आग लगने सेअग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचना मिली। दल तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर पर लगी आग को बड़ी बड़ी मशक़्क़त से क़ाबू पाया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप




### सुखरी में बाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। ग्राम पंचायत सुखरी कला में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर सरपंच टिकम वर्मा, निलांबर साहू, पुनऊ राम सहरीया, बाहल वर्मा, सचिव गामन ठाकुर एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विस के 4 कार्यो के लिए 39 लाख 68 हजार 439 रूपए स्वीकृत किया गया है। विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य क्रियान्वयन एजेंसी जपं. दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कोड़िया के विश्वकर्मा पारा में सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार 646 रूपए, ग्राम पंचायत खम्हरिया में दशहरा मैदान के सार्वजनिक मंच में काला पत्थर लगाने के लिए 2 लाख, ग्राम पंचायत गनियारी में विभिन्न गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 99 हजार 648, ग्राम पंचायत घुघसीडीह में सीसी रोड निर्माण कार्य डामर रोड से भानु यादव घर तक आबादी पारा के लिए 3 लाख 99 हजार 755 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### युक्ता फरवरी में लेगी दीक्षा, शहर के लोगों ने किया अभिनंदन

डोंगरगढ़। नगर के चौरड़िया परिवार की बेटी युक्ता चौरड़िया ने गृहस्थ त्याग कर धर्म की राह पर चलने का निर्णय लिया है। आचार्य श्री 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के नेशार्य में आगामी 7 फरवरी को राजस्थान के नोखा मंडी में दीक्षा ग्रहण करने के पूर्व आज अभिनंदन एवं अनुमोदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय महावीर मंदिर से सुश्री युक्ता चौरड़िया परपोती स्व. छोटीबाई-दीपचंद चौरड़िया, सौपोत्री राधाबाई स्व. गुलाबचंद चौरड़िया, सुपुत्री अनिता राजेश चौरड़िया का 24 दिसम्बर को अभिनंदन शोभायात्रा निकाली गई, जो महावीर मंदिर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए निवास पहुंची। धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों आदि ने अभिनंदन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार हुआ। अभिवादन समारोह में युक्ता चौरड़िया ने अपने 12 साल के जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने धर्म से जुड़कर समाज के बच्चों को धार्मिक पाठशाला भेजने, धार्मिक ग्रंथ का अध्ययन करने प्रेरित करने कहा।

# महापौर ने पांच वर्षों के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा है कि, उनका पांच वर्ष का कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहा है, लेकिन इन तमाम चुनौतियों का सामना कर जनता की अपेक्षा व भावना के अनुरुप ऐतिहासिक विकास कार्य करवाने में यह परिषद् सफल रहा। कोरोनाकाल के विपरीत समय में भी विकास कार्य की रफ्तार थमी नहीं, वहीं जनता को चिकित्सकीय सेवा, खाद्यान्न व अन्य सुविधाओं का लाभ दिलवाने यह परिषद् एवं निगम अधिकारी व कर्मचारी सिद्दत से जुटे रहे। सारे विकास कार्य और सामाजिक सेवा से जुड़े सरोकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में किए गए। सभापति राजेश यादव का भी सहयोग मिला। महापौर ने कहा गया कोरोना महामारी के बीच अपने घर परिवार एवं जान की परवाह किए बिना कार्य करने वाले 1600 सफाई कर्मचारी एवं पार्षदों का पॉच लाख का बीमा कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्लेसमेंट एवं एमसीसी कर्मचारियों को 15 प्रतिशत बोनस राशि देकर उनका सम्मान बढ़ाया। दुर्ग नगर निगम पहला ऐसा निगम था, जिसने कठिन समय में दूरदर्शी निर्णय लेते हुए पार्षद निधि से वार्डो में राशन एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। दुर्ग निगम में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए 10 हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, क्लीनिक एवं डाईग्नोस्टिंक सेंटर को चिन्हांकित कर 50 प्रतिशत छुट के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

## कहा -जनभावनाओं के अनुरुप किए गए ऐतिहासिक विकास कार्य

### दवाएं भी छूट में कराई गई उपलब्ध

उन्होने बताया कि, पूर्व सैनिकों, महिला स्वसहायता समूहों एवं पत्रकार बंधुओं को नगर निगम के भवनों में पारिवारिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों हेतु 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। स्लम स्वास्थ्य योजना धनवंतरी दवा दुकान से 70 प्रतिशत तक सस्ती दवा और ठगडा बांध को पिकनिक स्पाट की सौगात, गौरव पथ सौंदर्यीकरण, निगम मुख्यालय में सभागार का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मोतीलाल वोरा के नाम पर किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार के समय इंटेकवेल में पर्याप्त क्षमता के मोटरपंप नही होने से 18 पेयजल टंकियों में पूर्ण क्षमता से पानी नही पहुंच पाता था।



### पेयजल सप्लाई बढाई गई

मेयर ने कहा आने वाले समय के लिए 188 करोड़ लागत से पुलगांव एवं शंकरनाला में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, शिक्षक नगर में नवीन पानी टंकी निर्माण, 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर को आउटडोर करना तथा फिल्टर प्लांट के 42 लाख रूपये की लागत से आवश्यक जीई एवं रेल्वे स्टेशन को जोड़ने केनाल रोड निर्माण, कचरा निष्पादन के लिए प्लांट लगाने का काम प्रस्तावित है। इस दौरान दीपक साहू, अब्दुल गनी, संजय कोहले, हमीद खोखर, भोला महोबिया, मनदीप सिंह भाटिया मौजूद रहे।

## आक्रोश : बालोद में लाइन स्टॉफ की मौत के बाद आक्रोशित कर्मी ने सौंपा ज्ञापन

# लाइन मैन की जगह स्टाफ से करा रहे काम, सुरक्षा उपकरण से भी वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बिजली कंपनी द्वारा संविदा में कार्य कर रहे लाइन स्टाफ को लाइन मैन का काम कराया जा रहा है। यही नही उन्हें सुरक्षा उपकरण से भी वंचित किया जाता हैं। तकनीकि अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर गैर तकनीकि लाइन स्टाफ से कार्य करा रहे है। इस बडी लापरवाही को लेकर विघुत कंपनी के अफसरों पर सवाल खडे हो रहे है।

विगत दिनों बालौद में सुनहरे ठाकुर की लाइन मैन का काम करते हुए मौत हो गई हैं, जबकि यह कार्य लाइन मैन का था। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि, लाइन में चढने के पहले सब स्टेशन को बंद कराना था। लेकिन लाइन ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नही किया और करीब 11 हजार केव्ही के करंट से युवक खंबे में ही जल गया। इस घटना के बाद विगत नौ दिसंबर को संविदा में कार्यरत लाइन स्टाफ कर्मचारियों ने दुर्ग डिविजन के कार्यालय में प्रदर्शन भी किया था। उन्होने मृत युवक को मुआवजा और नौकरी देने की मांग रखी थी। दुर्ग क्षेत्र में समस्त क्षेत्रों से आए विद्धुत संविदा कर्मचारी एवम महासंघ के शीर्ष प्रतिनिधियों द्वारा मृत स्व सुनहेर ठाकुर को श्रध्दांजलि देकर प्रदर्शन और मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र को ज्ञापन सौंपा दिया था।

## छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ ने कर्मी की मौत पर जताई नाराजगी, कार्यालय के सामने दिया धरना




### ये मांगे रखी गई

कर्मचारियों ने तत्काल अनुकम्पा नियुक्ति, तत्काल मुआवजा राशि 25 लाख प्रावधान कर मुआवजा, दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही करने हेतु एक कमेटी गठित करने की मांग की थी। जिसमें संविदा संघ और महासंघ के एक-एक सदस्य रहेंगे। दोषियों के ऊपर उचित कार्यवाही करने आवाज बुलंद की गई थी। संविदा कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में रखकर कार्य करवाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया जाना चाहिए। सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कैश लेस सुविधा और घटना होने पर त्वरित इलाज की सुविधा मिल सके।

### पेमेंट काटने का दबाव नहीं बनाएं

दुर्ग, बालौद और बेमेतरा में कार्य करने वाले करीब सौ स्टाफ लाइन मैन ने कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता द्वारा कार्य पर दबाव बनाया जाना खत्म करे व अनधिकृत कार्य कराया जाएगा तो तुरंत जानकारी प्रदान करे। जिस पर सीधे आप मुख्य अभियंता को शिकायत कर सकते है। जिन क्षेत्रों में ईएसआईसी नहीं कटता है, उन क्षेत्रों में कंपनी द्वारा मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जाए। संविदा कर्मियों ने बताया कि, मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

### दोषी लाइन मैन पर निलंबन की कार्रवाई

बताया गया कि, बालौद जिले के सुरेगांव में विगत तीन दिसंबर को निम्नदाब का लाइन सुधारने चौबीस वर्षीय युवक चढा था। लेकिन सब स्टेशन बंद नही होने से उसकी मौत हो गई। युवक का बीएम शाह होस्पिटल भिलाई में इलाज चल रहा था, लेकिन आठ दिसंबर 2024 को उनकी मौत हो गई। बताया गया कि, आज तक उनको विभाग द्वारा किसी भी तरह की मुआवजा राशि प्रदान नहीं किया गया है और न ही अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की है। दोषी लाइनमैन पेमेश्वर देवांगन को निलंबित कर दिया गया है। प्रदर्शन में छग विघुत संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरिचरण साहु, रिविजन के अध्यक्ष अनिल दिवाकर, ईश्वर साहु, शनि घृतलहरे, अमन पाटिल, वीर बरेठ, दिनेश उर्वशा, रेखलाल उर्वशा, युवराज निर्मलकर, बलराम वर्मा व संजीव देशलहरा सहित अन्य थे।

### प्रधान पाठक पदोन्नति सूची जल्द जारी करने का आश्वासन



दुर्ग। उच्च वर्ग शिक्षक से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद्दोन्नति में विलंब को लेकर विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव ने संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर एवम सह्ययक संचालक केके शुक्ला से चर्चा किया। जिस पर संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा बताया गया कि, डीपीसी हो हो चुकी है, सूची मुझ तक आ गई है। परीक्षण उपरांत तत्काल जारी कर दिया जाएगा। बताया गया कि, 623 पद ई संवर्ग और 95 पद टी संवर्ग के लिए है। पूर्व के चर्चा में जेडी से मांग किया गया था कि, पद्दोन्नति के पूर्व तक सभी रिक्त पदो में पद्दोन्नति की जाए, उसी के अनुरूप दिसम्बर तक का रिक्त पद लिया जा रहा है। सह्ययक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक संस्कृत विषय पर पदोन्नत की भी मांग की गई। वही उच्च परीक्षा के लिए आज पर्यंत के विषय का अनापत्ति जारी नही करने पर बताया कि, जिस विषय को यूजीसी से मान्यता नही मिला है। इस दौरान डोंगरगढ़ से श्रवण यदु, रवि शंकर मरकाम, महेंद्र कंवर, जितेंद्रपाल, संतोष धुर्वे, किसुन चन्द्रवंशी, बेमेतरा जिला से एमएल साहू, चंद्र शेखर जंघेल, योगेश्वर साहू उपस्थित रहें।

### शिव महापुराण एवं भागवत कथा आज

दुर्ग। सर्व हिन्दू समाज के बैनरतले मां शीतला सतरुपा मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक श्री शिव महापुराण कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। श्री शिव महापुराण कथा का श्रीधाम वृंदावन के पं. रत्नेश्वरानंद महाराज एवं श्रीमद्भागवत कथा के साध्वी पूर्वी जी कथा वाचक होंगे। श्रद्धालू श्रीमद्भागवत कथा का प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एवं श्री शिव महापुराण कथा का संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रवण कर सकेंगे। सर्व हिन्दू समाज द्वारा श्रद्धालुओं से कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ स्कूलों, ग्राम पंचायत व विभागों को तंबाकू मुक्त करने निर्देश



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार डॉ एमपी महेश्वर सयुक्त संचालक डॉ कमलेश जैन राज्य नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत संभागस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी डॉ आरके खंडेलवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ शिल्पा जैन मास्टर ट्रेनर द्वारा तम्बाकू के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा राज्य समन्वयक द्वारा जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य संपादन किए जाने के लिए जिले के समस्त शासकीय कार्यालय, शासकीय व निजी स्कूलों और ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त किए जाने हेतु निर्देश दिए गए, साथ ही जिले में राज्य सलाहकार श्रीमती ख्याति जैन द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा धारा 4 के उल्लंघन के तहत चलानी कार्रवाई, सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालय को तंबाकू मुक्त किये जाने हेतु प्रचार प्रसार एवं स्कूल, कॉलेजों के 100 गज के दायरे में यलो लाईन अभियान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राज्यस्तरीय निषाद केंवट समाज की छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएं



दुर्ग। ग्राम कोटनी में निषाद समाज द्वारा गुहा निषाद राज वीरांगना बिलासा, क्रांतिकारी इंदरु केंवट, लोक कलाकार मदन निषाद व पद्मश्री स्व पुनाराम निषाद की स्मृति में तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय निषाद केंवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा पूर्ण रूप से निःशुल्क था। परीक्षा आन लाइन माध्यम से एक घंटे तीस मिनट का रहा। इसमें सबसे ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों को निषाद समाज द्वारा आगे पढ़ने के लिए फ्री कोचिंग व स्कॉलरशिप तथा आर्थिक सहायता समाज के कार्यक्रम में दिया जाएगा।ताकि समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बीरेंद्र कुमार निषाद ने कहा कि निषाद समाज द्वारा यह पहल का स्वागतेय है। इस अवसर पर शांतनु निषाद, सुखराम निषाद, ललित निषाद और समाज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






## शहर के विभिन्न वार्डों में लोकार्पण व भूमिपूजन

# सुशासन दिवस पर कार्यों की सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ विकास कार्य की स्वीकृति से वार्डवासियों में उत्साह

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर विधायक गजेन्द्र यादव ने सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन और मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया यगा। गयानगर में अटल शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का लोकार्पण भी किये। भूमिपूजन में पहुँचे विधायक गजेन्द्र का नागरिकों ने जोरदार आतिशबाजी और बाजे गाजे से स्वागत किये। वहीं गया नगर वार्ड 4 में क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य की दृष्टि से बड़ी सौगात देते हुए शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने मुक्तिधाम धाम परिसर में निर्मित अटल शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का लोकार्पण किया। साथ ही राजीव नगर, गया नगर क्षेत्र के विभिन्न गलियों का सिमेंटीकरण कार्य तथा गया बाई स्कूल उन्नयन कार्य व विधायक निधि से सामुदायिक भवन हेतु आधारशीला रखी गई। विधायक ने क्षेत्र के मितानिन व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल देकर सम्मान किये। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू, वार्ड पार्षद लीना देवांगन, पार्षद देव नारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर,पूर्व अध्यक्ष गोविंद देवांगन, पार्षद कांशीराम कोसरे, शिवेंद्र परिहार, कुलेश्वर साहू, नरेंद्र बंजारे, चमेली साहू, मनीष साहू सहित अन्य उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### संकीर्तन भजन चीचा में आज से व सिर्राभांठा में 30 को

**अंडा।** ग्राम सिर्राभांठा के समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा और उनके परिवार द्वारा एक बार फिर से कूडेरादादर के प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण का हरि नाम संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पहले चरण में अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम चीचा में तीन दिवसीय होगा। जहां पर 25 से 27 दिसंबर तक कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत 30 और 31 दिसंबर को दो दिवसीय यही कार्यक्रम उनके गृह ग्राम सिर्राभांठा में भी आयोजित किया जाएगा।

### परसदा में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई



**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती व मंडई धूमधाम से मनाया गया, जिसके उपलक्ष्य में दोपहर 2 बजे से 9 बजे तक चौक पूजा व रात्रि कालीन कार्यक्रम जय सूर्या नाच पार्टी रानीदहरा (कबीरधाम) का मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बारले जिला सतनामी समाज अध्यक्ष, नीलकंठ टंडन तहसील सतनामी समाज अध्यक्ष, कुलदीप साहू सरपंच, कमलेश सिरमौर, धनेश सिरमौर, प्रीतम टंडन, राहुल सिरमौर, लवीश टंडन आदि उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास बाबा का जन्मोत्सव मनाया



**कुम्हारी।** सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में शनिवार को गुरु घासीदास बाबा एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज का जन्मोत्सव मनाया गया। सम्पूर्ण राष्ट्र में रामानुज के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता, भारत माता, गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पंथी नृत्य एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वक्ता के रूप में पधारे लेखराम गेंड्रे एवं अश्वनी कुमार देशलहरे ने घासीदास बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप मे पधारे सुनील पटेल ने विद्यार्थियों को गणित दिवस की बधाई देते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए गणित के विभिन्न मॉडलों की सराहना की। इस कार्यक्रम मे गीतेश्वर साहू, राम बिहारी मिश्रा, आलोक दुबे, विशाल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या मे अभिभावक, पूर्व छात्र, विद्यालय के आचार्यगण और भैया-बहन सम्मिलित हुए।

### बटरेल में मनाया सुशासन दिवस

**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल अटल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर वाजपेयी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, देवेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, योगी साहू, टेमन सपहा पंच, डाकेश्वर प्रसाद साहू पंच, कमलेश यादव, सूरज निर्मल, दिनेश देवांगन, श्यामलाल साहू, वेदप्रकाश साहू, ओमप्रकाश साहू, रमेश साहू, भूषण साहू, टेकराम साहू, देवेंद्र मंडल, देवनारायण निर्मल, हरीकिशन चंद्राकर एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## निधन

### चुन्नीलाल ठाकुर

**सेलूद।** मंडल पारा सेलूद निवासी बीएसपी कर्मचारी चुन्नीलाल ठाकुर पिता स्वर्गीय होमन लाल ठाकुर का आकस्मिक निधन 24 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसम्बर को भाठापारा सेलूद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे हितेश ठाकुर व सुमन ठाकुर के पिता थे।



## अंचल के विभिन्न गांवों में पूर्व पीएम अटल बिहारी की जयंती मनाई

# शासकीय प्रक्रियाओं में सरलीकरण, पारदर्शिता व उत्तरदायी प्रशासन ही सुशासन का आधार: जितेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नागरिकों का व्यवस्था के प्रति विश्वास तभी बढ़ता है जब धरातल पर सुशासन दिखाई देता है। शासकीय प्रक्रिया में सरलीकरण, सुगमता, पारदर्शिता और उत्तरदायी प्रशासन सुशासन की असली कसौटी है। देश की वास्तविक प्रगति सुशासन से ही संभव है। उक्तायश की बातों को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा में कहा। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में अटल की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया, जहां उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि देश के नागरिकों, भारतीय राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था का सुशासन शब्द से पहला परिचय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कराया। देश में सुशासन की स्थापना में अशिक्षा बड़ी बाधा है इसे समझकर सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से 'स्कूल चले हम' की थीम पर निशुल्क स्कूली शिक्षा का प्रबंध सुशासन की दिशा में ठोस कदम था।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि गरीबों और वंचितों के लिए बनी नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाएं सुशासन की दिशा में बड़ा कदम है, इन योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार ने रोक लगाकर सुशासन का अंत कर दिया था, इस सुशासन विरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का यह सुपरिणाम है कि प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का सीधा लाभ सुशासन से मिलने जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को सुशासन की दिशा में कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, अलका बाघमार, जिला मंत्री आशीष निमजे, अजय तिवारी, प्रीतपाल बेलचंदन, डॉ. मानसी गुलाटी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सुशासन को लेकर भाजपा कार्यालय में परिचर्चा**



### निकुम भाजपा मंडल ने मनाई अटल की जयंती

**अंडा।** अंडा निकुम भाजपा मंडल ने अंडा अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। इसमें प्रथम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, महामंत्री पुरान देशमुख, उपसरपंच अमित चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, छगन दिल्लीवार, राजेश चंद्राकर, मुन्ना देशमुख, गब्बर साहू, महामंत्री युवा मोर्चा राजेश चंद्राकर, राजू चंद्राकर, टुम्मन कोसे, कामता देशमुख, कमलेश साहू, योगेश्वर देशलहरे आदि उपस्थित थे।



### अटल बिहारी वाजपेई की स्वर्ण जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया



**अंडा।** नव निर्मित ओटेबंद मंडल में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की स्वर्ण जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ के निर्माता वाजपई जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, सेवा सहकारी समिति गुरेदा के प्राधिकृत अध्यक्ष कमलेश पांडे, सेवा सहकारी समिति खप्परवाड़ा के प्राधिकृत अध्यक्ष धनेश चंद्राकर सेवा सहकारी समिति गोरकापार के प्राधिकृत अध्यक्ष तुलेश्वर चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति कचांदूर के प्राधिकृत अध्यक्ष देवेंद्र यदु, शक्ति केंद्र संयोजक भूपेंद्र निषाद, शक्ति केंद्र के सहसंयोजक डॉक्टर हीरालाल साहू,भीषम साहू, खिलेंद्र साहू सरपंच, दीनदयाल साहू अध्यक्ष साहू समाज आदि सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी की जयंती



**धमधा।** बोरी लिटिया मंडल के अंतर्गत भाजपा कार्यालय में रिद्धि सिद्धि हॉटल बोरी मे सुशासन दिवस को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी जयंती के रूप में जोर-शोर से मनाया गया। जिसमें हमारे बोरी लिटिया मंडल के सभी जेष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, महामंत्री जोहन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय उमरे, उपाध्यक्ष संजय कश्यप, निलांबर साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष , दिनेश पटेल, प्रभुराम उमरे मीडिया प्रभारी, राजेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

### वाजपेयी को किया याद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रतन अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर ग्राम पंचायत मेडेसरा में माल्यार्पण और पूजा करके अटल को याद किया गया। ग्राम पंचायत मेडेसरा के सरपंच संतोषी हुलास लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लीमन साहू, आठ नंबर बूथ अध्यक्ष उद्धव कश्यप, 9 नंबर भूत अध्यक्ष गोलू कश्यप, 10 नंबर बूथ अध्यक्ष जितेन जोशी एवं पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुशासन दिवस मनाया



**भिलाई।** सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में 25 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। सरकार में जवाबदेही के भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर प्रधानमंत्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। इसी तारतम्य में ग्राम बोरी के अटल चौक में अटल के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा कार्यकर्ता सूरज देशमुख, रमेश देशमुख, अरविंद पटेल, दिनेश पटेल, भोला पटेल, दुष्यंत देशमुख, पवन निर्मलकर, लेखराम साहू, शिवचरण साहू, सरपंच राजकुमार देवांगन, सचिव डामन जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### निकुम कॉलेज में कॉमर्स फिएस्टा का आयोजन



**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स फिएस्टा का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जयसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तथा उन्हें विषय वस्तु की व्यावहारिक जानकारी के लिए ऐसे कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित किए जाते हैं। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस पर एडी-एमएडी शो आयोजन किया गया जिसके माध्यम से छात्रों ने विज्ञापन को अलग दृष्टि से प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनमोहक बनाया। कार्यक्रम का संचालन पूजा सोढ़ा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र ने महाविद्यालय विभाग एवं छात्रों को बधाई दी।

# शिव ही देवताओं और मनुष्यों के दुख तकलीफ को हरने वाले पूरी सृष्टि में एक हैं: पं.संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

- चुनकट्टा में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन लोगों की रही भीड़

ग्राम चुनकटूटा में स्व. श्री तिहारू राम ठाकुर जी की स्मृति में ठाकुर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन प्रवचनकर्ता उमरपोटी भिलाई निवासी पंडित संतोष अवस्थी ने विदुर प्रसंग सृष्टि-वर्णन, शिव कथा का विस्तार से वर्णन किया। विदुर प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि दुर्योधन द्वारा रची गई साजिश से कई मौके पर उन्हें मृत्यु से बचाया था। विदुर ने कौरवों के दरबार में द्रौपदी के अपमान का विरोध किया था। कुरुक्षेत्र युद्ध के दौरान विदुर धर्म और पांडवों के पक्ष में थे। भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार, विदुर को यम (धर्म) का अवतार माना जाता है। शिवकथा के बारे बतलाते हुए पंडित जी ने कहा कि जब समुद्र मंथन से विष प्राप्त हुआ,तो देवताओं और असुरों में हाहाकार मच गया कि कौन विष ग्रहण करेगा । उस समय भगवान शिव ने तीनों लोकों की रक्षा हेतु विषपान किया। सारे ब्रम्हांड में एक भगवान शंकर ही है जो विपत्ति के समय देवताओं और मनुष्यों सारे कष्ट पाप दुख तकलीफ को हर लेता हैविष पान के चलते भगवान शिव के गले में जलन होने लगा। उनका शरीर तपने लगा। यह देख देवी-देवता व्याकुल हो उठे। तब देवताओं ने भगवान शिव को अपने शीश पर चंद्रमा धारण करने की सलाह दी। चंद्रमा शीतलता प्रदान करता है। अतः भगवान शिव ने अपने शीश पर चंद्रमा को धारण किया।



**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

- बोरई में छग स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजित

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भगतसिंह एकेडमी बोरई तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शनिचरी बाजार चौक में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ शासन के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग रिवेंद्र यादव की उपस्थिति में हुआ। मुख्यातिथि ताम्रध्वज साहू ने दो दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजन में अलग-अलग जिला और प्रांत से आए लगभग 100 टीम का शामिल होना आपने आप में सफलता बयां करता है कि आयोजकों द्वारा कितना मेहनत इस प्रतियोगिता के लिए करना पड़ा है।एकेडमी के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होने के साथ ही युवाओं में संगठन क्षमता के विकास और ग्रामीण समरसता ,भाईचारा के लिए जरूरी है। इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश , दिल्ली सहित बालोद, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, नांदगांव, बेमेतरा, खैरागढ़ एवं स्थानीय दुर्ग जिला के विभिन्न टीम भाग लिये जिसमे प्रथम स्थान बम्हनी बालोद को15 हजार नगद व विनरशिल्ड,द्वितीय स्थान दारगांव धमधा को 10 हजार नगद व रानरशील्ड,तृतीय जांजगीर चांपा को 7 हजार नगद व शील्ड तथा चतुर्थ स्थान भेड़सर दुर्ग को 5 हजार नगद व शील्ड का ईनाम सफलता हासिल करने वाले टीम को दिया गया।

## अंचल की खबरें

### शासकीय किसान राइस मिल चालू करने की मांग

**धमधा।** धमधा नगर में संचालित राइस मिल जो लम्बे समय से बंद पड़ा हुआ है। उसे चालू करने की मांग धमधा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने की है। इस राइस मिल को 31 जनवरी 1969 में तत्कालीन सूचना एवं प्रकाशन मंत्री धरम पाल गुप्ता के द्वारा उद्घाटन किया था जिससे लगभग 50 से 100 मजदूरों को प्रतिदिन काम मिलता था, साथ ही किसानों को कई प्रकार की सुविधा मिलता था जबकि राईस मिल को पुनः चालू करने के लिये पर्याप्त सुविधा है, कर्मचारी क्वाटर बना हुआ है। चावल भंडारण के लिये बड़ा-बड़ा गोदाम बना हुआ है, मुख्य मार्ग से लगा हुआ है, पर्याप्त संख्या में कर्मचारी आज भी है सारी सुविधा होते हुए बंद पड़ा है। छग शासन किसान राईस मिल को नया रूप देता है तो मिलिंग व्यवस्था में भारी सुविधा होगी। मजदूरों को काम मिलेगा, देख रेख के अभाव मशीन की कुछ पुर्जा खराब हो चुका है उसे बनाया जा सकता है। पूर्व में उपरोक्त मिलों को स्थायित करने के लिए किसानों से शासन द्वारा जमीन लिया था मशीन चालू होने की स्थिति में नही है तो जिस किसान से जमीन लिया गया था उसे कृषि कार्य के लिये वापस किया जावे ।

### कॉलेज भवन निर्माण के लिए अभाविप ने किया प्रदर्शन



**धमधा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमधा द्वारा नवीन महाविद्यालय पेंड्रावन में महाविद्यालय भवन निर्माण की प्रकिया जल्द प्रारंभ करने, पुस्तकों की व्यवस्था करने, अंग्रेजी और राजनीति विषय पर विशेष ध्यान देने जैसे विषयों पर प्रभारी प्राचार्य सर को आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के नाम पत्र सौंपा गया। उपरोक्त विषय पर पूर्व में भी पत्र दिया गया है, वर्तमान में दोबारा ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। विषय पर गंभीरता से कार्यवाही नहीं करने पर अभाविप उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन में वामन ताम्रकार, रितेश सिन्हा, कामेश यादव, रानू ठाकुर, ज्योति सिन्हा, टिकेश्वरी, नोमेश कोसरे, शौर्य महोबिया, लोकेश साहु, लोकेश कुमार, जय साहु, आदित्य, गजेंद्र पाल, तुषार, दामेंश्वेर, मेषनारायण आदि कार्यकर्ता व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित थे ।

### पतोरा पंचायत के कार्य का किया निरीक्षण



**उतई।** ओडिसा राज्य के पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट पंचायत के अध्ययन भ्रमण के लिए जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत पतोरा पहुंचे, जिसमें एसआईआरडी ओडिसा स्वाति तन्मया मिश्रा, चिरंजीबी मोहराना, चैतन्य जानी, जालंधर नायक, मुना पद्मिनी, गोपीनाथ मोहराना, प्रदीप कुमार बारीक रमेश साबर, ऋतु प्रभा गोम्नगा, सामरी तंगुलु, शिबानी मंगराज, श्रीराम प्रसाद मोहंती, सुदर्शन कापे, सुंदरू पीडिका, तपन कुमार चक्रबती सरपंच आदि द्वारा फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट , सेग्रिगेसन यार्ड, सामुदायिक शौचालय, मृत पशु समाधि, एको ब्रिक्स, बर्तन बैंक, पुस्तकालय, पंचायत भवन का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत पतोरा की कार्यवाहक सरपंच तनुजा साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

### बच्चों को नशे से बचाने हुई कार्यशाला



**सेलूद।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा आयोजित अभियान नशा मुक्ति के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्राचार्य आलोक शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लता मिश्रा, योगेश्वरी महाडिक द्वारा बीएड प्रथम वर्ष के 150 विद्यार्थियों को एवं एमएड के 50 विद्यार्थियों को नशा मुक्ति ट्रेनिंग कार्यशाला के माध्यम से जागरूकता एवं जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. चुन्नीलाल शर्मा, नशा मुक्ति केंद्र संचालक मनीषा शर्मा, अजय श्रीवास्तव, ट्रेनर कामिनी बावनकर, सौरभ तिवारी एवं मांनु की टीम ने बड़े ही रोचक ढंग से नशा के बचने के बताए रायपुर में स्थापित नशा मुक्ति केंद्र एवं उसमें दी जाने वाली सुविधाएं नशा से मुक्ति दिलाने विभिन्न उपचारों की जानकारियां दी। नशा से आने वाली समस्याओं से अवगत कराया सभी छात्र अध्यापकों को अपने-अपने स्कूलों में अपने कर्तव्य स्थल पर छोटे बच्चों को नशा से बचने के लिए युक्तियां बताई गई साथ ही नशा न करने का संकल्प दिलाया गया।

### अध्यक्ष पद के आरक्षण की कार्यवाही कल

**कुम्हारी।** प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (महापौर तथा अध्यक्ष के पदों का आरक्षण) नियम 1999 के प्रावधानों के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के पद का आरक्षण किया जाना हैं। उपरोक्त पदों के आरक्षण की कार्यवाही 27 दिसंबर को पं. दीन दयाल उपाध्याय आडिटोरियम, साईंस कॉलेज परिसर रायपुर में की जाएगी।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया जागरूक



**सेलूद।** डॉक्टर खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3 द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग में संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत-प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में करने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई 3 में प्राचार्य निशा जैन एवं सभी अध्यापकों की उपस्थिति में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता पर जानकारी दी। प्रारंभ में कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर शीला विजय द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक होवे क्योंकि महाविद्यालय में आयोजित होने वाली गतिविधियां जैसे रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना ,सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबको भाग लेने का अवसर मिलता है, जिससे आपकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के अधिकारी डॉक्टर अल्पना देशपांडे ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में घनश्याम ठाकुर, एनएम गौरव, चंचल यादव, प्रियल, रमनदीप, श्रुति चटर्जी, श्रद्धा सोनी, चेतन वर्मा, प्रीति ठाकुर, दीक्षा गायकवाड, किरण, रोशनी भंडारकर, प्रीति विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# क्रिकेट प्रतियोगिताः सीआईसीए ने एनआईटी रायपुर को 18 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान द्वारा डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सेक्टर1 के क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। इस मैच में मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता विशिष्ट अतिथि ईडी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, डॉ. ए के पंडा तथा पवन कुमार, बीके गिरी राकेश कुमार, एसके गजभिए, डॉ. एम रविन्द्रनाथ, अरूण कुमार और सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

सीआईसीए एवं एनआईटी रायपुर की टीमों के मध्य रोमांचक मैच खेला गया । एनआईटी रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। निर्धारित 15 ओवरों में सीआईसीए की टीम ने बैटिंग करते हुए 3 विकेट खोकर 149 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सीआईसीए की ओर से पहले विकेट के लिए 99 रान की पार्टनरशिप हुई। सलामी बल्लेबाज गोर्वधन रात्रे ने नाबाद 78 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और एनआईटी रायपुर को जीत के लिए 150 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में एनआईटी रायपुर के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए 102 रनों की साझेदारी की। एनआईटी रायपुर के तेजकरन ने 7 छक्के लगाते हुए 39 गेंदों में 62 रनों के पारी खेली एवं दूसरे सलामी बल्लेबाज सौरभ ने अच्छा खेल दिखाते हुए 42 रनो की पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत के मुहाने तक ले गयी। सलामी बल्लेबाजो के आउट होने के बाद एनआईटी रायपुर 4 विकेट खोकर 131 रन ही बना सकी। सीआईसीए 18 रनों से डीआईसी ट्रॉफी का जीत लिया।

## डीआईसी ट्रॉफी इंटर एलुमनी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल



### कपिल को मिला मैन आफ द मैच

निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा सीआईसीए की टीम को डीआईसी ट्राफी प्रदान किया गया तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के द्वारा एनआईटी रायपुर की टीम को रनर अप ट्राफी प्रदान किया गया। सीआईसीए के गोवर्धन रात्रे के अर्द्धशतक के लिए मैन ऑफ द मैच, बेस्ट फिल्डर एवं बेस्ट बैस्ट्समेन तथा कपिल नायडू को बेस्ट बॉलर एवं मैन आफ द सीरीज की ट्राफी निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा दी गई। सभी खिलाड़ियों एवं ग्राउंड स्टॉफ सभी प्रतिभागी टीमों के कप्तानों एवं मैच कोआर्डिनेटर को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। महासचिव परविन्दर सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन व संचालन जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। मैच की कमेंटेटर महाप्रबंधक प्रीतपाल सिंह तथा स्कोरर विनोद देवघरे, एम्पायर, आनंद करलकर एवं आर्या तथा स्कोररसंदीप वर्मा थे तथा कमेंट्रेटर अभय मोहरिल एवं प्रीतपाल सिंह पिच क्यूरेटर आजाद अहमद थे। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि - डीपीएस बरार, रेमी थॉमस, जीपी सोनी, निखिल पेठे, राकेश सिंह ठाकुर, राधाकिशुन, अभिषेक कोचर, दिवाकर सिरमौर, पिजूष सेन, एमएआर शरीफ, अजय चौरसिया, जी एस कुमार, एस के बोरकर, निमेश गुप्ता, प्रदीप मेनन, एस के मालवीय, डी सामंता, मिलिंद बंसोड़, बलजीत सिंह मान, आशीष ग्रेन्द्रे भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सेक्टर 1 में पाइप लाइन बदली, लीकेज बंद

**भिलाई।** बीएसपी नगर सेवा विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा सेक्टर 1 सड़क 1 में खराब पाइप लाइन को बदलकर लीकेज को बंद कर दिया ग़या ।इसकी वजह से सड़क 26 से 39 तक पानी का प्रेशर कम हो रहा था ।इस नियमित पानी सप्लाई को बिना बाधित किए दिनभर कार्य करते हुए देर शाम को मीटर की पाइपलाइन को बदला गया ।अब संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर सुधर जाने से रहवासियों को राहत मिलेगी। कुछ दिन पहले इसी पाइपलाइन को विवेकानंद पार्क के अंदर बदला गया था ।इसके बाद थोड़ी दूरी पर इसी पाइप लाइन से फिर से पानी का रिसाव हो रहा था।

### सेल संचार उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** सेल को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आठ राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कंपनी को ये पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार, पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा रायपुर में आयोजित अभा जनसंपर्क सम्मेलन में प्रदान किया गया।ई-न्यूजलेटर श्रेणीः कंपनी के न्यूज़ बुलेटिन "सेलट्रैक" को उसकी प्रभावी प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। कॉर्पोरेट फिल्म श्रेणी में सेल की कॉर्पोरेट फिल्म को कंपनी की उपलब्धियों के लिए चुना गया। सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान श्रेणी में कर्मचारियों के बीच एकता और गौरव की भावना पैदा करने के लिए सराहा गया। हाउस जर्नल ( सेलन्यूज़ को अप-टू-डेट जानकारी प्रदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया।विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ पीआर कार्यक्रमः स्टील प्लांट प्रौद्योगिकियों के लिए सोशल मीडिया कैम्पेन को इस श्रेणी में जीत हासिल हुई। कॉर्पोरेट अभियान में सोशल मीडिया का सर्वश्रेष्ठ उपयोग ग्रीन स्टील को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया अभियान को, पर्यावरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए चुना गयकॉर्पोरेट वेबसाइट : सेल वेबसाइट को उसके क्रिएटिव लेआउट, आसान नेविगेशन एवं कंटेन्ट और यूजर फ्रेंडली प्लेटफार्म के लिए पुरस्कृत किया गया।

## निधन

### दिव्यम साखरे

**भिलाई।** हाउस नंबर 675, सड़क नंबर 7, शांति नगर भिलाई निवासी दिव्यम साखरे उम्र 24 वर्ष का निधन 25 दिसंबर को हृदय घात से हो गया है। वे पत्रकार व तथागत समाज कल्याण समिति, भिलाई के अध्यक्ष अनिल साखरे के बड़े पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम में 1 बजे होगा।



## नक्सलगढ़ के गांवों से पहुंचे मुख्यालय, कबड्डी के दंगल में खिलाड़ी

# महिला में मोहला, पुरुष वर्ग से चौकी को पुलिस कबड्डी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

20 दिसंबर से निरंतर चार दिनों से जारी पुलिस विभाग की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पूर्व विधायक संजीव शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, दिलीप वर्मा, भाजपा नेत्री नम्रता सिंह, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, मानपुर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय मोहला में चार दिनों तक कबड्डी प्रतियोगिता का दंगल चलते रहा। इस आयोजन में जिलेभर के वनवासी क्षेत्र से 168 महिला-पुरूष टीमों के भाग लेने के साथ-साथ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया।

मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के दूर-दराज से आए खिलाड़ियों के लिए रूकने और दोनों वक्त के भोजन सहित चाय-नाश्ता की उचित व्यवस्था की गई थी। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जिला मुख्यालय में हाईटेक होने के साथ-साथ पुलिस विभाग की तरफ से आयोजन को लेकर पूरी ताकत झोंक दी गई थी। जिले में तैनात एएसपी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, सायबर क्राइम की टीम तथा सभी थानेदारों को प्रतियोगिता में अलग-अलग दायित्व सौंपा गया था।



### बेहतर प्रदर्शन कर जीता खिताब

महिला वर्ग से प्रथम स्थान पर जिला कबड्डी संघ मोहला, द्वितीय स्थान पर ग्राम हथरा थाना खड़गांव, तृतीय स्थान ग्राम मरकेली परालझरी थाना मानपुर, चतुर्थ स्थान शासकीय एलसीएस महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान ग्राम केशरीटोला अंबागढ़ चौकी, द्वितीय स्थान ग्राम संबलपुर थाना खड़गांव, तृतीय स्थान ग्राम कनेरी थाना मोहला, चतुर्थ स्थान ग्राम खुर्सेखुर्द थाना मदनवाड़ा रहा।

### अद्भुत आयोजन

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की तरफ से जिला मुख्यालय मोहला में पहली बार अद्भुत आयोजन किया गया। इस बेहतर आयोजन के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ इस वनांचल क्षेत्र के युवा युक्तियों को खेल में जबरदस्त प्लेटफार्म पुलिस विभाग की तरफ से प्रदान किया गया है। जिसमें यहां के बलिष्ठ युवा युक्ति राज्य स्तर, नेशनल तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का उन्हें अवसर मिलेगा।

### जहां नक्सलियों की बंदूक बोलती थी, वहां से पहुंचे खिलाड़ी

थाना कोहका, थाना चिल्हाटी, थाना मानपुर, थाना मदनवाड़ा, थाना सीतागांव, थाना अंबागढ़ चौकी, थाना मोहला, थाना गोटाटोला, पुलिस चौकी पाटनखास, थाना खड़गांव, थाना औंधी के धूर नक्सल गांवों से होकर कबड्डी के युवा युक्ति खिलाड़ी जिला मुख्यालय मोहला पहुंचे, जिन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता में जबर्दस्त जौहर का प्रदर्शन किया।

# बीएसपी के रिटायर सदस्यों ने सराहा सोसाइटी के कामकाज को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह नवंबर 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा करते हुए सोसाइटी से जुड़े रहने की इच्छा जताई।सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष पूरन देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव सामने आता है लेकिन सोसाइटी का सभी वरिष्ठ साथियों से संबंध पूर्ववत बने रहेगा। वरिष्ठ साथियों का मार्गदर्शन न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र बल्कि हमारी सोसाइटी के लिए भी हमेशा हितकारी होगा।

■ बीएसपी से सेवानिवृत्त हुए सदस्यों को ससम्मान विदाई दी सोसाइटी ने

इन रिटायर सदस्यों में रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से एजाज अली, जुगराम बिसेन, चुमन लाल कोलियारा, वायर रॉड मिल से कामेश्वर प्रसाद, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गनाइजेशन से संजय मार्घड़े, वीरेंद्र कुमार पटनायक, सीआरएम (मेकेनिकल) से रमेश कुमार साहू, मटैरियल रिकवरी विभाग से लिंगाराजू, एआर शॉप से जितेन्द्र सिंह, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से शेखर कुमार शर्मा, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से समरेश कुमार मिश्रा,दिनेश कुमार साव, मेडिकल से एम विजया राज ,कृष्णा कुमार शुक्ला , प्लेट मिल से कालीचरण नायक, एसएमएस-2 से मनोहर सिंह, मर्चेंट मिल से उत्तम कुमार करियारे, कृष्ण प्रसाद, स्टोर्स से दशरथ प्रसाद अहिरवार और पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से एचएल ठाकुर शामिल हैं। इन रिटायर सदस्यों ने अपने उद्बोधन में सम्मान के लिए आभार जताया वहीं सोसायटी की कार्य प्रणाली को भी सराहा। रिटायर सदस्यों ने सोसाइटी के कर्मचारियों के व्यवहार और सहयोगात्मक रवैये की तारीफ करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में आसानी से ऋण दिलाने में यहां के कर्मियों की भूमिका अहम रही। रिटायर सदस्यों ने कहा कि जीवन के इस पड़ाव में भी हम सोसाइटी के नियमित सदस्य बनें रह सकें, इस पर कार्य समिति को विचार करना चाहिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण पुरुषोत्तम आदि उपस्थित थे।

## जोन अध्यक्ष जालंगधर ने किया सीमेंटीकरण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड नंबर 33 संतोषी पारा कैंप- 2 भिलाई के राष्ट्रीय विद्यालय के पास सीमेंटी कारण एवं कैंपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर के पास आहता निर्माण के लिए 8 लाख का भूमिपूजन किया गया। इस कार्य के दौरान नगर पालिका निगम के जोन 3 के अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड 33 की पार्षद शैलजा राजू के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस कार्य में कैंपेश्वर बैजनाथ धाम के अध्यक्ष एन दान राजू, पूर्व कैंप मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, विकास सिंह, शिवकुमार यादव, शंभू चौधरी, अमरावती देवी पाल, बबीता देवी, गीता साहू, गायत्री देवी पाल, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, दिव्या देवी आदि उपस्थित थे।

■ वार्ड 33 में बैजनाथ मंदिर के पास अहाता निर्माण भी होगा

# मार्शल आर्ट में 72 बच्चों ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ कप 6 वीं ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप में अभिषेक मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स अकादमी रिसाली के बच्चों ने 72 पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। इसमें 12 स्वर्ण, 25 रजत और 35 कांस्य पदक शामिल हैं।

महिला कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में दुर्ग राजनंदगांव रायपुर बलौदा बाजार बेमेतरा बिलासपुर मुंगेली कबीरधाम रायगढ़ और प्रदेश के अन्य राज्यों से 450 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का आयोजन एलीट कराते अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया था। इसके डाइरेक्टर रेन्सी दीपक गुप्ता, अध्यक्ष सेन्साई एनके कुशवाहा हैं। मुख्य अतिथि रेन्शी अमल तालुकदार, फिनिक्स सिटोरियो कराते डू एसोसिएशन के संचालक और छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के महासचिव थे। रेन्शी बीबी नायडू छत्तीसगढ़ के कार्यरत अध्यक्ष हैं। प्रतियोगिता में 45 रेफरी जज और 35 वालंटियर उपस्थित थे।ओवरऑल छत्तीसगढ़ कप के विजेता दुर्ग ज़ोन रहा। दूसरा स्थान रायपुर, तीसरा स्थान राजनांदगांव और चौथा स्थान कबीरधाम ने हासिल किया। अभिषेक मार्शल आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स अकादमी के 44 छात्र ने भाग लिया। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन और प्रशिक्षक सेंसाई अभिषेक कुमार ब्लैक बेल्ट 3 डन, कियो सर्टिफाइड जज और किओ सर्टिफाइड कोच हैं। इनके मार्गदर्शन में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

■ छग कप ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप



### इन्हें मिला पदक

मायरा बघेल, अन्विता जोशी, दक्षा सिंह, काव्या वर्मा, लक्षिता वर्मा, रिमझिम देबनाथ, निहिरा जोशी, मेधा देवांगन, दीक्षा पाटिल, वरुणिका प्रसाद, श्रेयशी सिंह, प्रतिष्ठा तिवारी, लब्धि कौर, कनिका वर्मा, आकृति आनंद, इशिता वर्मा, अंजू, नव्यांश ठाकुर, खुशान्त वर्मा, रेयान, हनुमेश मालवीय, चिराग रूद्र, हर्षप्रीत सिंह सेठी, कौस्तुभ खोबरागड़े, समर्थ, अभ्युदय प्रसाद, कुशाग्र वर्मा, तरूण कुमार, माहिर प्रकाश, अनंत तिवारी, अनिक साहा, अक्षत मेहरा, अथर्व दुबे, कुमार वर्मा की तरह, कोविद्य साहू, शोर्या चंद्र साहू, प्रथमेश गांधी, मिहिर प्रकाश, आशुतोष आर.डी.त्रिपाठी, मयंक देवांगन, अभिषेक कुमार, अनिरुद्ध पटेरिया, आदित्य रंजन सिंह, प्रियांशु नेताम।

## सीटू एवं माकपा का राजनीतिक सम्मेलन

# संविधान संशोधन व चुनाव नियम बदलना अनुचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा बुधवार को राजनैतिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से सम्बंधित जानकारी नागरिकों को उपलब्ध नहीं कराने सम्बंधित गजट प्रकाशित किए जाने व भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का संचालन एमएस शांत कुमार ने किया । चर्चा में वक्ता एसपी डे, अर्चना ध्रुव, सुदामा महिलांगे, डीवीएस रेड्डी, विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने भाग लिया। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार 11 साल से देश का संविधान बदलने के लिए बयानबाजी करती रही है । जब देश में 1950 में संविधान लागू किया जा रहा था तब भी उनके आका मनुस्मृति की वकालत कर रहे थे। आज आज संविधान को खत्म कर मनुस्मृति को लागू करना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि

छोटी जाति के नाम पर शिक्षा से वंचित चार विषयों में शोध करके डॉक्टरेट हासिल करने का नाम अंबेडकर है। संविधान सभा का चेयरपर्सन बनने का नाम अंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ असमानता के खिलाफ सबको शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। आंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी करन वाले गृहमंत्री को माफी मांगने के साथ इस्तीफा देना चाहिए।



### चुनाव नियमों में संशोधन अनुचित

माकपा नेताओं ने कहा कि किसी भी स्तर के चुनाव के समय वीडियोग्राफी करना अनिवार्य है क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर उसे क्षेत्र में चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों से लेकर गिनती एवं अन्य मामलों में जांच के लिए यह पुख्ता सबूत के रूप में काम आता है। अब चुनाव के संबंध में बहुत सारी जानकारियां जैसे चुनाव एवं गणना के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग तथा कुछ अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत को देख नहीं पाएंगे । यहचुनाव में किए जाने वाले धांधली को छुपाने की साजिश है । त्रिपुरा चुनाव, चंडीगढ़ में मेयर चुनाव तथा कुछ स्थानों पर गड़बड़ियों के कारण मतदान रद्द कर फिर से मतदान करने आदि घटनाएं वीडियो रिकॉर्डिंग के सार्वजनिक होने के कारण ही संभव हो पाया है।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



मौसम का तकाजा

## लाइव इवेंट

### व्यापार महोत्सव- नई उड़ान संभावनाओं का आसमान की थीम पर ट्रेड फेयर




**भिलाई।** छ ग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा व्यापार महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार की नई उड़ान, संभावनाओं का आसमान इस नए संदेश के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। लांचिंग कार्यक्रम में चेम्बर के वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। इस विमोचन में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू, बी एन आई चेप्टर हेड भूपेंद्र कुमार नेमा, नरेश जसवानी, महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। व्यापार महोत्सव 2025 के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि यह छतीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर 16 से 19 जनवरी 2025 को रॉयल क्रिस्टल गार्डन भिलाई क्लब के पास सिविक सेंटर भिलाई में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में चार दिनों में लगभग 1 लाख लोग इस व्यापार मेले में शामिल होंगे, ऐसी तैयारी की जा रही है। भिलाई शहर के 250 प्रतिष्ठित दुकानों में आमंत्रण कार्ड वितरित किये जायेंगे और आमंत्रण कार्ड लेकर इस मेले में आने वाले दर्शक को गिफ्ट दिया जाएगा।

#### व्यापारियों को अपग्रेड करने होंगी कार्यशालाएं

महामंत्री अजय भसीन ने व्यापार महोत्सव 2025 के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन व्यापारियो को अपग्रेड करने कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा ऊर्जा की नई दिशा

#### स्टार्ट अप बिजनेस व आत्मनिर्भर भारत सशक्तिकरण पर कार्यशाला

व्यापार में पीढ़ी अन्तराल, व्यापार में डिजीटल क्रांति जिसमें सोशल मिडिया का प्रयोग कर व्यापार वृद्धि पर कार्यशाला, आर्टफीशियल इन्टीलिजेंस का उपयोग हर प्रकार के व्यापार, इंनफ्लूएंजर का उपयोग व्यापार के लिए, व्यवसाय व परिवार का सामंजस्य बनाते हुए महिला उद्यमी की भूमिका, विकसित भारत के लिए आज के व्यापार में महिलाओं का योगदान, फण्ड मेनेजमेंट व्यापार वृद्धि के लिए बैंकिंग के आलावा नए वित्तीय विकल्प पर विशेष जानकारी दी जाएगी। इवेंट कॉर्डिनेटर शंकर सचदेव ने बताया कि यह आयोजन रोज शाम 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें अनेक रंगारंग मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। 3.5 एकड़ क्षेत्र में हो रहे इस व्यापार मेले में 150 से भी ज्यादा स्टॉल रहेंगे। जिसमे सभी ट्रेड के स्टाल ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। निशुल्क पार्किंग और निःशुल्क प्रवेश के साथ आयोजन की तैयारियां शुरु हो चुकी है। विमोचन के दौरान मनोज बक्तानि, राकेश मल्होत्रा, दिलीप इसरानी, सरमद इमाम, कुलदीप सिंह, राम ओबेरॉय, भोलानाथ, अखराज ओस्तवाल, विकास पांचाल और सुनील मिश्रा सहित चैंबर के सदस्य उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### रक्तदान महादान, शरीर को स्वस्थ रखने विटामिन, आयरन जरुरी- डॉ. मानसी



**भिलाई।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल ब्लड बैंक नोडल अधिकारी, जिला अस्पताल, दुर्ग, डॉ. मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ दुर्ग, तरन्नुम अली मेडिकल लैब टेक्निशियन, कीर्ति ठाकुर काउन्सलर, सहयोगी व दयानंद शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता,




महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ. नीतु सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निशा श्रीवास्तव, सभी संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी सहित छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए किरण वैष्णव एवं नीलमणि त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। डॉ. प्रवीण ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और रक्त की कमी को दूर करना बताया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की मुख्य अतिथि डॉ मानसी गुलाटी ने अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान महादान है तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन, आयरन एवं प्रोटीनयुक्त आहार लेने को बताया गया। डॉ. मानसी गुलाटी द्वारा छात्राओं को महावारी के दौरान होने वाली विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनको स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श भी दिया। इस अवसर पर दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष, महाविद्यालय की प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया।

● बच्चों ने गीत गाकर यीशु को किया याद, सांता क्लॉज बन बच्चो को दिया चॉकलेट

# शहर में क्रिसमस की रही धूम, प्रभु यीशु के जन्म का दिखा उत्साह, बाईबल से पास्टर ने दिया संदेश

भिलाई। शहर में मसीह समाज का प्रमुख त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के स्वागत में रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाए चर्चों में आराधना हुई। 25 दिसंबर क्रिसमस डे के दिन विशेष प्रार्थना सभा भी हुई। प्रभु यीशु के जन्म दिन को बड़े उत्साह के साथ जिले में मनाया गया। इस दिन को सेलिब्रेट करने इस्पात नगरी में तीन दर्जन से अधिक चर्च में इसके लिए विशेष तैयारियां की गई थी। डीडीसी चर्च खुर्सीपार, चर्च ऑफ गार्ड सुपेला, मसीह प्रार्थना भवन भिलाई, ज्योति चर्च चरोदा, सालेम चर्च भिलाई तीन, सीसी चर्च सेक्टर 6, मेनू नाइट चर्च दुर्ग, सीएनआई चर्च, सेंट मैरी चर्च, कैथोलिक चर्च सेक्टर 6, मार्थोमा आदि चर्चों में प्रभु यीशु के जन्म दिन को मनाया गया। सभी चर्चों में पास्टरो ने बाइबल के वचनों का प्रचार किया गया। इसके अलावा प्रभु यीशु के बारे में विस्तार से बताया गया। चर्चों में गीत संगीत गाकर यीशु को मसीह समाज के लोगों ने याद किया। प्रमुख गिरजाघरों को रंग-बिरंगे लाइटों व मालाओं से चर्चों को सजाया भी गया था। एक दिन पहले ही क्रिसमस की तैयारी की गई थी।





#### गीत संगीत से गूंजा गिरजाघर

क्रिसमस के दिन इस्पात नगरी के सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु को याद कर उनके जन्म पर गीत संगीत गाकर एक दूसरे को बधाई समाज के लोगों ने दी। चर्च कैंपस इस बार विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन किया गया। डीडीसी चर्च में छोटे बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन के बारे में गानों से कर दिखाया। पास्टर मुकेश कंवर ने चर्च में प्रभु यीशु के जीवन के बारे में विस्तार से लोगो को बताया।





#### क्रिसमस ट्री का अलग महत्व है

प्रभु यीशु के स्वागत के लिए रंगबिरंगी रोशनी के साथ क्रिसमस ट्री लगाने का अलग महत्व होता है। हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन को लेकर मसीह समाज के लोग उत्साह से मनाए। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज ने प्रभु यीशु के जन्म पर जमकर पटाखा फोड़कर खुशी जाहिर की। जगह जगह प्रार्थना सभाओ समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे परिवार के कार्यक्रम में लोग शामिल हुए थे।



#### क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6

क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 में आराधना सुबह 9 बजे शुरू हुई यहां प्रार्थना की अगवाई पास्टर इंचार्ज रेव्ह. अर्पण तरुण ने की, उन्होंने अपने संदेश में बताया कि बड़ा दिन का मतलब ही यह है कि आप परमेश्वर के राज्य में आए, प्रभु यीशु इस दुनिया में आए ही इसीलिए कि वह हमारे जीवन में आए कष्टों और दुखों को दूर करके हमें अपने राज्य स्वर्ग में ले जाए वह हमारे जीवन में दाता बनकर आए और अपने आप को अर्पण किया यही बड़ा दिन है यही क्रिसमस है। मन, वचन और कर्म से हम प्रतिदिन पाप करते हैं और इन पापो से वही हमें माफ कर सकता है, इसलिए उन्होंने क्रूस पर भी कहा है कि हे प्रभु इन्हें माफ कर ये नहीं जानते, कि ये क्या कर रहे हैं यही शिक्षा प्रभु हमे देते हैं।

## ऑल इंडिया प्रतियोगिता आज से, दुर्ग की एथलेटिक्स पुरूष-महिला टीम करेगी प्रर्दर्शन

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की एथलेटिक्स पुरूष-महिला टीम 26 से 30 दिसंबर तक कलिंगा विश्वविद्यालय भुनेश्वर ओड़िसा में आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। टीम के सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव एवं सहायक कुलसचिव डॉ सुमीत अग्रवाल उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, डेस व जूता प्रदान किया गया। पुरूष टीम के मैनेजर निलेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय, दुर्ग व कोच मेघराज तारक खेल सहायक शासकीय महाविद्यालय छुरिया एवं महिला टीम के मैनेजर, ओमेश्वरी क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय दल्लीराजहरा व कोच रोशन लाल पटेल खेल सहायक शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव है।

- 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को किया गया प्रशिक्षित



टीम में पारस मगरे शासकीय पीजी मालय कवर्धा, भूपेश मंडावी शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, जसवन्त सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, मनोज कुमार सरकार दिग्विजय पीजी महाविद्यालय राजनांदगांव, आशुतोष कुमार बिंद मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, तन्मय पौषर्य शासकीय महाविद्यालय गंडई, भूपेन्द्र वर्मा सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, निशा शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी, दामिनी शासकीय महाविद्यालय दल्लीराजहरा, सत्यभामा शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, सोनावती शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा, विद्या गंधर्व शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा के खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

## फन फेयर में बच्चों ने किया खूब इंजाय, व्यंजनों का लिया स्वाद और खेले गेम्स

**भिलाई।** सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल पुरानी बस्ती सुपेला भिलाई में बच्चों के लिए फन फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब इंजाय किया। स्कूल की प्रिंसिपल खूशबू मंडल द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए फन फेयर के आयोजन के महत्व को समझाया। बच्चों द्वारा आयोजित आनंद मेले में क्लास 3 से लेकर 9वीं तक के बच्चों ने घर से एक से बढ़कर एक चटपटे और ललीज व्यंजन लाए और उन्हें मेले में लगे स्टॉल में सजाकर व्यापार भी किया।

इस अवसर पर बच्चों ने मोमोज, इडली, भेल, गुपचुप, गाजर का हलवा, चाट सहित अन्य आयटम को अपने स्टॉल में बेचा। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल खुशबू मंडल, इंचार्ज तारा लहरे, वृंदा, दुर्गा यादव, दुर्गा प्रसाद, बबीता, तामेश्वरी, वंदना, कुसुम, सीमा, रीना, आंचल, देवांशु, उत्तरा और सुनंदा ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया।



### विंटर कार्निवाल का पहला दिन, बच्चों में दिखा उत्साह

कार्नर न्यूज

# अच्छे इंसान बनने के लिए अच्छी सोच जरूरी, हार को भी हराकर जीत में बदल दें

**भिलाई।** हमें जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार रहना है, हम अपनी हार को एक्सेप्ट नहीं कर पाते है, लेकिन जीवन में हार को भी हराकर जीत में बदल देना है। यह बाते प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में पहली बार आयोजित विंटर कार्निवाल के पहले दिन वरिष्ठ राजयोग टीचर एवं मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी प्राची बहन ने कही। कार्निवाल के प्रथम सत्र में स्नो बॉयज ने बच्चों को ब्रेन एक्टिविटी और एक्सरसाइज कराकर ठंडी को छूमंतर कर दिया और सभी को ओम ध्वनि उच्चारण के साथ मेडिटेशन कराया गया। मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल ई डी पर्सनल भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, प्राची दीदी ने दीप प्रज्वलन कर विंटर कार्निवाल का विधिवत शुभारंभ किया।



#### बचपन और शरारत का गहरा रिश्ता, लेकिन नुकसान न हो

पीस ऑडिटोरियम में उमंग उत्साह से भरे बड़ी संख्या में बच्चों को देखकर मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल ई डी पर्सनल ने कहा कि बचपन और शरारत का गहरा रिश्ता है,लेकिन हमारी शरारत से किसी का नुकसान न हो। किताबों को अपना दोस्त बनाए। 95 प्रतिशत से पास हो जाओ तो भी जरूरी नहीं कि अच्छे इंसान बने, जीवन में सबसे ज्यादा जरूरी है अच्छे इंसान बने, और अच्छे इंसान बनने के लिए अच्छी सोच जरूरी है, जो कि आप सभी इस शांत वातावरण में आने वाले दिनों में सीखेंगे। जो जीवन भर आपके काम आयेगी।

#### अपने पैरेंट्स और टीचर्स का सम्मान करें- आशा बहन

इस दौरान ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि स्टूडेंट लाइफ इस बेस्ट लाइफ। हम सभी प्रतिदिन परम शिक्षक परमात्मा से ईश्वरीय पढ़ाई पढ़ते है। जीवन में कभी भी किसी को न दुख दो न दुख लो, खुश रहकर खुशियां बांटो। सदा अपने पैरेंट्स और टीचर्स का सम्मान करे। प्राची ने विंटर कार्निवाल के बारे मे बताया कि आने वाले दिनों के सेशन मेडिटेशन प्रैक्टिस, एग्जाम फियर, समय का सदुपयोग, एकाग्रता, कॉन्फिडेंस, आंतरिक सुंदरता, मन का रिमोट कंट्रोल, श्रेष्ठ सकारात्मक पॉजिटिव संकल्पों की शक्ति मुख्य रहेंगे। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने बम बम बोल रे स्वागत नृत्य से सभी को उमंग उत्साह से भर दिया। सभी को रात्रि सोने के पूर्व मेडिटेशन करने हेतु मेडिटेशन कमेंट्री भी दी गई। कार्यक्रम संचालन ब्रह्मकुमारी गायत्री ने किया। इस विंटर कार्निवाल में नए बच्चे भी भाग ले सकते है।



## सिटी इवेंट

### नोएडा, लखनऊ, इंदौर, कोलकाता, पूना से एलुमनी मीट में पहुंचे बैचमेट



**भिलाई।** भिलाई विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय भिलाई विद्यालय एलुमनी मिलन 2024 का आयोजन उत्साह से विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरुग्राम, नोएडा, लखनऊ, इंदौर, कोलकत्ता, पूना, नागपुर सहित बड़े शहरों से विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी बड़ी संख्या में हुए शामिल हुए। इस दौरान गांधी प्रतिमा का अनावरण उप्पल दत्ता महाप्रबंधक नगर प्रशासन ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्यामलाल देवांगन और मुख्य अतिथि विद्यालय के 1972 बैच के उत्तीर्ण डा.अरविंद प्रकाश सावंत मेडिकल डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई, विशिष्ट अतिथि विनोद यादव, अवनीत जोशी द्वारा गुरुजन एम के त्रिपाठी, एस एन खरे, एम के तिवारी, एस के गहरवाल का सम्मान एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ किया गया। इंदौर से आए 1978 बैच के अमिताभ गोयल द्वारा विद्यालय भवन के मध्य स्थित बड़े गार्डन रखरखाव का जिम्मा लिया, डॉ.अरविंद प्रकाश द्वारा विद्यार्थियो के हेल्थ चेकअप एवं हेल्थ संबंधी जागरूकता के लिए वर्कशॉप आयोजित किए जाने के लिए सहयोग की बात कही। एसोसिएशन द्वारा विद्यालय परिसर के सौंदर्यकरण के लिए किए गए कार्यों पेवर ब्लॉक के साथ डामरीकरण युक्त सड़क का निर्माण 150 चेयर्स, गांधी प्रतिमा की स्थापना से सभी को अवगत कराया गया। विद्यालय के वर्तमान छात्रों में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी और खेल प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ठ खिलाड़ियों को एसोसिएशन द्वारा पुरुस्कृत किया गया। सभी ने अपन परिचय दिया। संस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में महामंत्री सुनील यादव, ई वी राजन, विनोद दुग्गल सहित अन्य बैचमेट उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

### शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ का आठवां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में हुआ। रायपुर संभाग के प्रतिनिधि के रूप में शैलेंद्र गिरी अध्यक्ष, डॉ अजय आर्य महासचिव, जितेंद्र कुमार चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, नील माधव उपाध्यक्ष, कौस्तुभ नायक सदस्य, लोकेश सिंह सदस्य केंद्रीय समिति ने रायपुर संभाग से भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। शैलेंद्र गिरी ने रायपुर संभाग की ओर से स्थानांतरण पॉलिसी में पारदर्शिता एवं स्थायित्व का, डॉ.अजय आर्य ने अधिकारियों द्वारा शिक्षकों पर किए जा रहे अनावश्यक दावों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थिति के बाद कितनी विषम हो जाती है कि शिक्षक सुसाइड करने या नौकरी छोड़ने के लिए बाधित हो जाता है। मुख्यालय द्वारा ऐसे अधिकारियों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण निर्देश दिया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में मानवीय मूल्य और मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। सभा में शिक्षकों के लिए मेडिकल फैसिलिटी बढ़ाने, सी एल को कम से कम आठ से बढ़कर 12 करने, प्रमोशन ओ पी एस, सिलेक्शन स्किल का बैरियर हटाने, एनपीएस धारकों को ग्रेच्युटी के साथ-साथ फैमिली पेंशन देने, चाइल्ड केयर लीव को आवश्यकता अनुसार देने आदि के मुद्दे को उठाया गया। रायपुर संभाग के सदस्यों ने चुनाव की प्रक्रिया में भाग लिया। सदन ने सर्वसम्मति से एस चंद्रशेखर रेड्डी को अध्यक्ष, अनिल डेला को महासचिव, नरपाल को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। शिक्षकों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से रखा। डॉ अजय ने अनिल डेला को स्वलिखित मुस्कुराइए आप ईश्वर के सामने हैं पुस्तक भेंट की।

- चाइल्ड केयर लीव बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## समाज इवेंट

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष नियुक्त हुए गुरु प्रसाद



**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य गुरु प्रसाद तिवारी को अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके सामाजिक और खेल क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया है। स्व शिव प्रसाद तिवारी के पुत्र गुरु प्रसाद तिवारी स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है और उनके नाम अनेक प्रतिष्ठित खेल और सामाजिक उपलब्धियां हैं। गुरु प्रसाद मुक्केबाजी में राष्ट्रीय चैम्पियन रहे हैं और उन्होंने इंटर-स्टेट चैम्पियनशिप में सात बार विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंटर-स्टील चैम्पियनशिप में लगातार दस वर्षों तक स्वर्ण पदक जीते और तीन बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ का ख़िताब भी हासिल किया। श्री तिवारी, भारत के अनेक प्रतिष्ठित चैम्पियंस ट्रॉफ़ी के विजेता रह चुके हैं। इसके अलावा, श्री तिवारी ने कबड्डी में रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया है। श्री तिवारी का यह पदभार उनके सामाजिक कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण को और भी सुदृढ़ करेगा। उनका कहना है कि वे इस नए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और समाज की सेवा में सक्रिय योगदान देंगे। इस सम्मान के लिए श्री तिवारी को शुभकामनाएं दी जा रही हैं और उनके योगदान को समाज में सराहा जा रहा है।

## अटल जयंती पर भिलाई में हुई रोड रेस में 5 लाख 6 हजार रुपये का बंटा कैश पुरस्कार

# राज्य स्तरीय रोड रेस में 2 हजार लोगों ने लगाई फुर्तीली दौड़, 10 किमी में दुर्ग के आशुतोष, 8 किमी रेस में रूक्मणी प्रथम

**भिलाई।** टाउनशिप में बुधवार की सुबह भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की रजत जयंती पर जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आज राज्य स्तरीय रोड रेस का आयोजन भिलाई के सेक्टर 9 जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल के सामने किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लगभग दो हजार धावकों ने भागीदारी निभाते हुए अपना फुर्तिला जौहर दिखाया। आयोजन में कुल 5 लाख 6 हजार रूपये की नगद राशि विजेता, उप विजेता एवं सांत्वना पुरस्कार सहित कुल महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को प्रदान की गई।



### हर वर्ग में प्रथम 30 विजेता धावकों को मिला कैश प्राइज

इस राज्य स्तरीय रोड रेस के 18 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में 10 किलोमीटर की दौड़ सर्वाधिक तेजी से पूरी करने वाले दुर्ग जिले के आशुतोष सिंह ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार, पुकेश्वर लाल राजनांदगांव द्वितीय पुरस्कार 41 हजार एवं चांपा के चंद्र प्रकाश ने तीसरे स्थान पर 31 हजार रूपये पुरस्कार स्वरूप जीते। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिलाओं की 8 किलोमीटर रोड रेस में रुक्मणी साहू प्रथम ने 31 हजार, भीमेश्वरी ठाकुर द्वितीय ने 21 हजार तथा प्रियंका ने तृतीय विजेता का स्थान प्राप्त करते हुए 11 हजार की पुरस्कार राशि प्राप्त की। 16 वर्ष से 18 वर्ष तक बालिका 5 किलोमीटर रेस में सलिल कुशवाहा प्रथम ने 21 हजार बिलासपुर, कुमली पोयम द्वितीय जगदलपुर 11 हजार, तान्या कैवर्त्य तृतीय 7 हजार बिलासपुर, बालक वर्ग 5 किलोमीटर में प्रथम बिलासपुर के सुमित कुमार 21 हजार, द्वितीय राजनांदगांव के छत्रपाल उइके को 11 हजार तथा तृतीय भिलाई के मोहम्मद वसीम को 7 हजार का पुरस्कार दिया गया। स्कूली बच्चों की 2 किलोमीटर दौड़ में दुर्ग के चिरंजीवी प्रथम को 11 हजार, बेमेतरा के गांधी साहू द्वितीय को 7 हजार, महासमुंद के गजेंद्र ठाकुर तृतीय को 5 हजार की पुरस्कार राशि दी गई। स्कूल बालिका वर्ग में 2 किमी दौड़ में बीजापुर की संतोषी भंडारी प्रथम 11 हजार, सरगुजा की नूतन जय द्वितीय को 7 हजार तथा बीजापुर की अंजली को तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये प्रदान किया गया। सभी वर्ग में सांत्वना पुरस्कार स्वरूप चतुर्थ से तीसवें स्थान तक दौड़ पूरी करने वाले प्रतिभागियों को कैश पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### हर साल अटल की जयंती पर भिलाई में होगी राज्य स्तरीय रोड रेस



इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रिकेश सेन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप जिस धरा पर दौड़ लगाने जा रहे हैं वह छत्तीसगढ़ की शिक्षा और खेल की भूमि है। आज 2 हजार से अधिक लोग दौड़ रहे हैं, जो जीतेगा वो छत्तीसगढ़ जीतेगा और आप सब लोग भी जीतेंगे क्योंकि आज आप लोगों ने तय किया है कि इस दौड़ से ही आप अपने भविष्य को लिखेंगे। छत्तीसगढ़ में अब तक कि सबसे बड़ी इनाम राशि पांच लाख रुपये सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है, विधायक रिकेश ने कहा कि बड़ी राशि पुरस्कार में रखने के पीछे उद्देश्य है कि अगर आप मेहनत करते हैं तो उसका फल मिलना चाहिए, एक दूसरे से कॉम्पिटीशन की भावना होनी चाहिए। क्योंकि आप स्वयं के लिए, अपने प्रदेश के लिए, अपने देश के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने घोषणा करी कि अटलजी की हर जयंती पर भिलाई में राज्य स्तरीय रोड रेस होगी।

### ढाई सौ टेक्निकल ऑफिशियल्स ने सम्हाली व्यवस्था

सचिव जी रवि राजा ने बताया कि आयोजन में बीएसपी के टेक्निकल ऑफिशियल्स, सुराना कॉलेज, मनसा कॉलेज के 250 लोग टेक्निकल ऑफिशियल्स के रूप में मौजूद रहे। मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जीएस बामरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के चेयरमैन, महेंद्र आहूजा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, सौरभ लुनिया उपाध्यक्ष, जगपाल सिंह कोषाध्यक्ष, एएसपी सुखनंदन राठौर, बीएसपी के सीनियर मैनेजर परमिंदर सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## योगकेंद्र का सिल्वरजुबली वार्षिक उत्सव

### तलवारबाजी और रंगारंग की आकर्षक प्रस्तुतियों ने किया लोगों को अचंभित



**भिलाई।** योग साधना और सांस्कृतिक केंद्र हनुमान मंदिर मैत्री नगर का सिल्वर जुबली वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा तलवारबाजी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने अतिथियो और दर्शकों का मन मोह लिया। केंद्र के योगाचार्य भृगुनाथ सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए एस खोखर, पूर्व प्रबंध निदेशक-भिलाई इस्पात संयंत्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरुआत योग गुरुओं परमहंस स्वामी शिवानंद, परमहंस स्वामी सत्यानंद और स्वामी निरंजना नंद के तैल चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। योगाचार्य भृगुनाथ सिंह ने योग केंद्र की स्थापना और केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दिया। इसके उपरांत केंद्र की सधिकाओं गीता सोनी, अनीता शर्मा, वापी घोष, रेखा ब्राह्मणे सहित अन्य ने देशभक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्र की सधिकाये गायत्री सिंह, संध्या सिंह, आरती पांडे, माया दत्ता, राजेश्वरी सोनी, हर्षा शर्मा, नीतू सिंह, तारिणी चंद्राकर, उषा सुरपंथकर एवं लालपरी सिंह ने तलवारबाजी की मनमोहक प्रस्तुति देकर अतिथियो और दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की सफलता में मुख्य रूप से केंद्र के योगाचार्य भृगुनाथ सिंह सहित वरिष्ठ साधक आर के गुप्ता, विपिन सिंह, शंकर लाल सोनी, एस के मिश्रा, भगवती प्रसाद, अनिल मिश्रा, आर सी शर्मा, अजीत सिंह, जगदीश साहू , किशोर बोरतवार, शांतनु देब और संतोष शर्मा सहित अन्य कई लोंगो का सहयोग रहा । अंत में राष्ट्रगान और महा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समापन हुआ।

## अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजन

### नैतिक शिक्षा व बाल कैंसर जागरुकता का चलाया अभियान, बांटे पंपलेट



**भिलाई।** लायंस क्लब दुर्ग सिटी द्वारा नैतिक शिक्षा एवं बाल कैंसर जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजन अजीज पब्लिक स्कूल जुनवानी में किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सुमन पांडे ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता डिसट्रिक्ट चेयर पर्सन डॉ रौनक जमाल ने बच्चों को नैतिक शिक्षा के बारे में उपयोगी जानकारी दी। शाला की प्रिंसिपल और कार्यक्रम प्रभारी श्वेता उपाध्याय ने भी उपस्थित बच्चों को संबोधित किया और उन्हें नैतिक शिक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों से नैतिक शिक्षा से संबधित विविध प्रश्न पूछे गए सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को अध्यक्ष सुमन पांडे द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉक्टर द्वारा सुझाए गए बाल कैंसर से बचने के उपाय बताकर पम्पलेट बंटवाए गए। रश्मि अग्रवाल ने उपस्थित लायन क्लब के सदस्यों, स्कूल के टीचर्स एवं स्टाफ का सहयोग के लिए आभार दिया। मंच संचालन संस्था के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में शाला के टीचर्स एवं बच्चों के सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए।

**विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत**

## शोभायात्रा में लोगो की जनभागीदारी, एकता, जोश और उमंग देखने को मिला

# सुवा, ददरिया और करमा नृत्य करते हुए निकली माई दंतेश्वरी की शोभायात्रा, चौक-चौराहों में हुआ स्वागत

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** हल्बा समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा विन्ध्वासिनी मां शारदा माता मंदिर सेक्टर 1 भिलाई से अपार जनसमूह के बीच हर्षोल्लास के साथ आराध्य देवी मॉ दन्तेश्वरी की जयकारे लगाकर सुवा, ददरिया और करमा नृत्य का प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा निकाली। विभिन्न चौक चौराहों से निकली यात्रा का जगह-जगह समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। सेक्टर 1 से पूजा अर्चना करने के बाद समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र के अगुवाई में अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला, लता उर्वशा कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ और महासभा के केन्द्रीय पदाधिकारियो की उपस्थिति में माई दंतेश्वरी की डोली धीरे-धीरे आगे बढ़ी। साथ ही भिलाई दुर्ग हल्बा समाज के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी, वरिष्ठजन, पूर्व पदाधिकारियों, मातृ शक्ति, युवा शक्ति और अपार जन समूह हर्षोउल्लास के साथ आराध्य देवी मॉ दन्तेश्वरी की जयकारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली।





### जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 2 चौक से सेक्टर - 4,5,6,7 ग्लोब चौक से कृष्णा टाकीज रिसाली की ओर बढ़ा, सेक्टर 2 चौरसिया पान ठेला चौक मे उमेंदी चुरेन्द्र और महिला प्रभाग और सदस्य, सेक्टर 5,6 चौक मे गणेश कांगे, सेक्टर 7 रेल चौक मे तिलक चंदेल अपने क्षेत्र वासियों के साथ एवं समाज सेवी मनोज राजपूत ले आउट प्राइवेट रिसाली चौक मे लेमन और सामाजिक बंधुओ द्वारा माई दंतेश्वरी की डोली का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया।



### गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

आदिवासियों के आराध्य देव आंगा देव, डांग डोरी, धनकुल, सुवा ,ददरिया और करमा का प्रदर्शन शोभायात्रा मे किया गया। ऊर्जा का प्रतीक भव्य ज्योति कलश यात्रा बंसी लाल गाँवरे के निवास रिसाली सेक्टर से निकलकर सेंट थॉमस कालेज चौक रिसाली में शामिल हुए। बाजे-गाजे के साथ कृष्णा टॉकीज रोड से आशीष नगर रिसाली में हल्बा शक्ति भवन पहुँचकर मुख्य द्वार पर मां दंतेश्वरी की भव्य स्वागत किया गया। ज्योति कलश यात्रा में मातृ शक्तियों का विशेष भागीदारी देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंथिर राम खलेन्द्र ने किया। अतिथि डॉ देवेन्द्र माहला केंद्रीय अध्यक्ष 36 गढ़ महासभा, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, शशि सिन्हा महापौर रिसाली , नरेन्द्र कुमार बंछोर सेफी चेयरमैन, पूरेन्द्र कुमार ठाकुर, महाप्रबंधक बी एस पी, आई आर देहारी जिलाध्यक्ष जिला दुर्ग अ. भा.हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा, जमुना ठाकुर पार्षद सहित सामाजिक पदाधिकारी व सदस्य काफी संख्या मे उपस्थित थे। शक्ति दिवस सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन आज किया जायेगा।

हेल्थ टिप्स

## अचानक से एंग्जायटी होने लगे तो फटाफट करें यह काम



एंग्जाइटी एक मेंटल विकार है, जो ज्यादा सोचने से पैदा होती है। इसके कारण चिंता और घबराहट अचानक से महसूस हने लगती है। व्यक्ति एकदम से परेशान हो जाता है। इससे प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों ही प्रभावित होती है। अगर आपको भी इसकी शिकायत है और अचनाक से कभी भी इसका सामना करना पड़ता है तो आप इससे तुरंत राहत पाने के लिए कुछ उपाय आजमा सकते हैं। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट लवनीत बत्रा ने जानकारी साझा की है। चलिए जानते हैं एंग्जाइटी को तुरंत काबू में करने के लिए क्या करना चाहिए।

### एंग्जाइटी तुरंत दूर करने के लिए क्या करें?

एक्सपर्ट बताती हैं कि जब कभी भी आप एंग्जाइटी के कारण घबराहट और चिंतित महसूस करें, तो आप शरीर को मूव करना शुरू कर दें, यानी आप एरोबिक एक्सरसाइज करना शुरू कर दें। बता दें कि एरोबिक एक्सरसाइज ऐसी शारीरिक गतिविधि है जिसमें शरीर की बड़ी मांसपेशियां इस्तेमाल होती हैं। इससे श्वासन प्रणाली सक्रिय हो जाता है।



एरोबिक व्यायाम में तेज चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना तैरना और डांस करना शामिल हैं। इन गतिविधियों से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है।

जब आप एरोबिक व्यायाम करते हैं तो आपका शरीर एंडोर्फिन नामक रसायन का उत्पादन करता है। बता दें कि एंडोर्फिन नेचुरल दर्द निवारक होते हैं जो शरीर से दर्द को कम करते हैं और मूड को बेहतर करते हैं। यी वजह है कि चिंता और तनाव को कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज एक बेहतरीन तरीका माना जाता है।

एक्सपर्ट बताती हैं कि आप कुछ नहीं तो तेज चलना शुरू कर दें। कम से कम 30 मिनट ब्रिस्क वॉक जरूर करें। तेज चलने से आपको अपने



कदमों और सांसों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है। यह आपके विचारों को शांत करता है, जिससे चिंता में कमी आती है।

### एंग्जायटी को कैसे खत्म करें ?

एंग्जायटी डिसऑर्डर का उपचार कई तरह से किया जा सकता है। दवा, मनोचिकित्सा और कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी के जरिए एंग्जायटी डिसऑर्डर का इलाज संभव है। इसके इलाज का बेहतर तरीका दो प्रक्रियाओं का संयोजन होता है और जो दिर्घकालिक रूप से किया जाता है। अधिक्तर मामलों में, इसका इलाज सफलता पूर्वक पूरा किया जाता है।

दवा - एंग्जायटी की समस्याओं को दूर करने के लिए कई एन्टीडिप्रेसेन्ट दवाओं को इसके इलाज के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

मनोचिकित्सा - मनोचिकित्सा या साइकोथेरेपी एक प्रकार की काउन्सिलिंग है जो मानसिक बीमारियों के लिए भावनात्मक रूप से सहायता करता है। इसमें मनोचिकित्सक आपके एंग्जायटी डिसऑर्डर को समझाने और उसका सामना करने के लिए बातचीत करते हैं।

कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी - यह एक प्रकार की थेरेपी है जहां आपके सोचने के तरीकों और व्यवहार में बदलाव जिसके कारण एंग्जायटी उत्पन्न होती है, उसकी पहचान करना बताया जाता है। यह एक तरह से बातचीत की थेरेपी है जो आपको सोचने और व्यवहार करने के तरीकों को बदलकर समस्याओं का समाधान करने में मदद करती है।

इस मौसम में सेहत पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत

# ब्लड प्रेशर से लेकर डायबिटीज रोगियों तक बढ़ती ठंडक पैदा कर सकती है गंभीर समस्याएं

दिसंबर-जनवरी का महीना कड़ाके की सर्दी और घने कुहरे वाला होता है, पर इस बार अब तक अपेक्षाकृत ठंड कम है। हालांकि पूर्वानुमानों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है। सर्दियों का मौसम खान-पान और तमाम प्रकार के व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए काफी आनंददायक होता है, पर तापमान में गिरावट कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली भी हो सकती है। हृदय रोगों से लेकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पाचन की समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य विकार वाले लोगों के लिए सर्दियों का मौसम काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लिहाजा ऐसे लोगों को सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। ठंड के महीनों में सर्दी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होना अधिक आम है। इसके अलावा इन दिनों में ब्लड प्रेशर की समस्या भी ज्यादा हो सकती है। आइए जानते हैं कि यह मौसम आपकी सेहत को किस प्रकार से प्रभावित करने वाला होता है? और बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?





### सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या

तापमान में गिरावट के साथ सर्दी-जुकाम की समस्या होना काफी सामान्य है। ये अलग-अलग वायरस के कारण हो सकती है, राइनोवायरस सर्दी का सबसे आम कारण है। सर्दी के मौसम में सूर्य की रोशनी से मिलने वाले विटामिन डी का अवशोषण भी कम हो जाता है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। ये आपको इन बीमारियों के प्रति और भी संवेदनशील बना देती है। इन समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचने के लिए पर्याप्त उपाय करें।

### अस्थमा और सांस की बीमारियां

अस्थमा या सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी का मौसम साल का सबसे कठिन समय हो सकता है। ठंडी, शुष्क हवा और मौसम में अचानक बदलाव से आपके वायुमार्ग में जलन की समस्या बढ़ने लगती है, जिससे अधिक बलगम पैदा होने लगता है। ये सांस की जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है, जिसके कारण अस्थमा के ट्रिगर होने या अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दी के दिनों में निमोनिया जैसी सांस की बीमारियों के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं।



### बढ़ सकता है ब्लड प्रेशर

सर्दी के दिनों में रक्तचाप बढ़ने की समस्या भी अधिक देखी जाती रही है, आमतौर पर सर्दियों में ब्लड प्रेशर अधिक और गर्मियों में लो होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण हो जाती हैं, इससे रक्तचाप बढ़ जाता है। संकुचित नसों और धमनियों के माध्यम से रक्त को प्रवाहित करने के लिए अधिक दबाव की आवश्यकता होती है, इसका हृदय की सेहत पर भी असर पड़ सकता है।यही कारण है कि इस मौसम में हार्ट अटैक के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते हैं।

**डायबिटीज रोगियों की बढ़ सकती हैं समस्या**

सर्दियों का मौसम सिर्फ ब्लड प्रेशर ही नहीं, मधुमेह की समस्या वाले लोगों के लिए भी काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। डायबिटीज से पीड़ित कई लोगों में जैसे-जैसे तापमान गिरता है, रक्त शर्करा बढ़ जाती है। ठंडा तापमान आपके शरीर में तनाव बढ़ाता है जिसके प्रतिक्रिया में, आपका शरीर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन जारी करता है। ये हार्मोन इंसुलिन उत्पादन को कम करते हैं परिणामस्वरूप, आपके रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## हाथों की ये रेखाएं बताती हैं कैसा रहेगा वैवाहिक जीवन?



हाथों की रेखाएं व्यक्ति का नसीब बताती है। हर व्यक्ति की रेखाएं अलग-अलग होती हैं। सबका भाग्य एक जैसा नहीं होता है। किसी को जीवन में कुछ पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ता है लेकिन कुछ लोग आसानी से विलासिता भरा जीवन जीते हैं। यही नहीं कई बार दिन रात मेहनत करने के बाद भी मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। वहीं कुछ लोग आसानी से सफलता की सीढ़ी चढ़ जाते है। इसे हाथों की रेखाओं का खेल भी कहा जा सकता है। दरअसल, व्यक्ति के हाथों की लकीर उसके भाग्य के बारे में बताती है। इसलिए हाथों की रेखाओं को हर किसी से नहीं पढ़वाना चाहिए। माना जाता है कि इससे भाग्य रेखा प्रभावित होती हैं। वहीं हाथों की रेखा से व्यक्ति के वैवाहिक जीवन के बारे में भी पता चलता है। सभी के हाथों में कुछ रेखा या ऐसे निशान होते हैं जो वैवाहिक जीवन में खुशी या निराशा के बारे में बताती है। आइए जानते हैं कि हाथों की कौन सी रेखाएं वैवाहिक जीवन में खुशी और परेशानियों का संकेत देती हैं।

**सुखी वैवाहिक जीवन का संकेत देती है ये रेखाएं**

हाथों में विवाह रेखा का लंबी होना और उसका सूर्य पर्वत तक जाना बेहद ही शुभ माना जाता है। ये एक संपन्न जीवनसाथी के होने का इशारा करती है।

यदि आपके बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है।

अगर पुरुष के बाएं हाथ में दो विवाह रेखा होती है और दाएं हाथ में एक विवाह रेखा हो तो ये श्रेष्ठ जीवनसाथी के मिलने का संकेत होता है। ऐसे लोगों की जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाली होती है।

अगर किसी के हाथ में विवाह रेखा के अंत में त्रिशूल जैसा कोई चिह्न बन रहा होता है तो ऐसे लोगों का जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाला होता है।

**ये रेखाएं वैवाहिक जीवन में होने वाली परेशानियों का देती है सकेंत**

माना जाता है कि अगर किसी व्यक्ति के द्वीप का चिह्न अंत में हो तो यह जीवनसाथी के स्वास्थ्य के लिए बुरा संकेत हो सकता है।

कहते हैं कि अगर किसी इंसान की विवाह रेखा हृदय रेखा के नीचे बनती है तो ऐसे व्यक्ति के विवाह के योग बहुत कम होते हैं।

अगर किसी व्यक्ति के बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है।

## स्वादिष्ट चॉकलेट केक से करें मेहमानों का स्वागत, जानें इसे बनाने का तरीका

क्रिसमस सप्ताह चल रहा है और नया साल भी आने वाला है। ऐसे में आपके लिए चॉकलेट केक बनाने की ऐसी रेसिपी जो बेहद आसान है। इसे आप अपने मेहमानों को भी परोस सकती हैं। बड़े से लेकर बच्चे तक आपका ये केक बेहद मन से खाएंगे।

केक बनाने के लिए सबसे पहले अपने ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्री-हीट कर दें। इसके बाद अब एक बड़े बाउल में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को अच्छे से मिलाएं। इसके बाद एक अलग एक बाउल में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रैक्ट और अंडा डालकर अच्छे से मिक्स करें।



ये ना तो ज्यादा गाढ़ा हो ना ही काफी पतला। इसे तैयार करने के बाद अब सूखे और गीले मिश्रणों को सही से फेंटें। ध्यान रखें कि इस मिश्रण में किसी तरह की गांठें नहीं पड़नी चाहिए। इस बेटर को तैयार करने के बाद इसमें चॉकलेट चिप्स डालें। अब एक केक पैन को तेल या बटर से अच्छे से ग्रीस करें। इसके बाद तैयार मिश्रण को केक पैन में डालें और फिर ओवन में रखें। इस केक को अब लगभग 30-35 मिनट तक बेक करें। इतने समय के बाद एक बार चाकू से ये चेक कर लें कि केक पक गया या नहीं। अगर चाकू पर बेटर ना चिपक रहा हो तो केक को बाहर निकाल लें। इसके बाद केक को ठंडा होने दें और फिर उसे प्लेट में निकालें। आपका चॉकलेट केक तैयार है। ठंडा होने के बाद आप इसे बादाम, चेरी या चॉकलेट आइसिंग के साथ सजा सकते हैं।



## धन से जुड़ी परेशानी हो या फिर जमीन विवाद, फौरन दूर करते हैं ये वास्तु यंत्र

श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है।

### वास्तुशास्त्र में दिशाओं का महत्व

वास्तुशास्त्र के अनुसार घर हो या फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कहीं भी वास्तु दोष होने से वहां रहने वाले लोगों का जीवन किसी न किसी तरह से प्रभावित अवश्य होता है और तरह-तरह की कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वास्तु में इन दोषों को दूर करने के लिए कुछ विशेष प्रकार के यंत्र हैं। जिनको अपनाकर आप अपने जीवन में परेशानियों को दूर कर सुख-समृद्धि बटोर सकते हैं।

### वास्तुदोष दूर करने के लिए

दिक्दोषनाशक यंत्र वास्तुदोष निवारण का महत्वपूर्ण यंत्र है जिसमें सभी दिशाओं और दिक्पालों का पूजन किया जाता है। यदि घर में टॉयलेट,रसोई या बाथरूम कोई गलत दिशा में बन गया हो तो यह यंत्र स्थापित करने से वह दोष मिट जाता है। इसी प्रकार वरुण यंत्र बड़ा ही प्रभावी वास्तु यंत्र है जो जल संबंधी समस्त दोषों को दूर करता है। यदि जलस्थान, नलकूप, पानी की टंकी अग्नि कोण या गलत दिशा में बन गए हैं तो इस वरुण यंत्र को उस पर स्थापित करके पूजन करने पर जल संबंधी सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। सर्वमंगल वास्तु यंत्र वास्तु संबंधी सभी प्रकार के दोष-निवारण करने के साथ-साथ सब प्रकार की मंगल कामना हेतु अचूक वरदायक है।

### जमीन विवाद के लिए



मारुति यंत्र हनुमानजी का यंत्र है। इस यंत्र के बहुत से उपयोग हैं, परन्तु इनमें से एक उपयोग वास्तु के संबंध में बहुत प्रचलित है। जिनकी जमीन नहीं बिक रही हो या जिस जमीन में विवाद खड़ा हो गया हो। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भूखंड मालिक को मंगलवार के दिन दोपहर 12 बजे इस यंत्र को ले जाकर सम्बंधित भूमि में पूर्व या ईशान दिशा में सवा हाथ गड्ढा खोदकर गाड़ दें और ऊपर से दूध या गंगाजल की धारा चढ़ानी चाहिए। वास्तु के अनुसार भूमि का विवाद तीन महीने के अंदर सुलझ जाएगा। मारुति यंत्र वाहन सुरक्षा के लिए भी लाभकारी है।

### धन प्राप्ति के लिए

श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है। यदि दुकान में मन नहीं लगता हो, व्यापार में बरकत न हो,रुपया पैसा आता तो हो पर बचत नहीं हो पा रही है तो इसे घर या दुकान की उत्तर दिशा में लगाना बहुत लाभकारी है।

### द्वारदोष दूर करने के लिए

यह एक विशिष्ट प्रकार का तोरण है,जो द्वार संबंधी दोषों का हरण करता है और घर को बाहरी विपदाओं से बचाता है।

### शत्रु बाधा को दूर करने के लिए

वास्तु के अनुसार यदि किसी शत्रु ने आपके घर या दुकान को बांध रखा है या आप पर कोई अभिचार कर्म किया है तो यह यंत्र उस अभिचार कर्म को नाश करके वापस लौटा देता है।



कार्नर न्यूज

इस मौसम में शरीर के लिए वर्जिश है बेहद लाभकारी

# सर्दियों में बुजुर्गों को करना चाहिए इन योगासनों का अभ्यास, रहेंगे सेहतमंद

सर्दियों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ठंड बढ़ने के साथ खांसी, सर्दी और जुकाम व बुखार होना सामान्य समस्या है। ठंड के मौसम में सबसे अधिक समस्या बच्चों और बुजुर्गों को हो सकती है। इस मौसम में शारीरिक सक्रियता कम होने और व्यायाम या टहलने के लिए लोग घर से बाहर निकलने से बचते हैं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। ऐसे में अगर आप ठंड व कोहरे के कारण टहलने नहीं जा पा रहे हैं और सर्दियों के रोगों से बचना चाहते हैं तो घर पर ही योगासन कर सकते हैं। सर्दी के मौसम में बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण वृद्धजनों को जल्द ही खांसी व जुकाम होने की संभावना रहती है। ऐसे में यहां आपको सर्दियों के लिए असरदार योगासन बताए जा रहे हैं, जिसके अभ्यास से बुजुर्ग रोग से दूर रह सकते हैं।



**बालासन:** बुजुर्गों को कमजोरी और थकान की शिकायत रहती है, इस योगासन के नियमित अभ्यास से कमजोरी दूर होती है। बालासन के अभ्यास से तनाव कम होता है, साथ ही ऊर्जा मिलती है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर घुटनों के बल बैठ जाएं। अब दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर लाएं और आगे की ओर झुकें। फिर पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस अवस्था में कुछ देर रूके। बाद में घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।

**ताड़ासन:** ताड़ासन के जरिए पूरा शरीर स्ट्रेच होता है। इस योग को करने के लिए सीधे खड़े होकर पैरों के बीच कुछ दूरी रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और स्ट्रेच करके एड़ी उठाते हुए पैर की उंगलियों पर खड़े हो जाएं। इस अवस्था में शरीर के हर अंग में खिंचाव को महसूस करेंगे। अब कुछ देर इसी अवस्था में रूकने के बाद सामान्य स्थिति में लौट आएं। इस आसन को 10 से 15 बार दोहराएं।

**वृक्षासन:** वृक्षासन योग कई प्रकार से लाभकारी है। शरीर में रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने से लेकर चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं को दूर करने कूल्हों-पैरों की हड्डियों-मांसपेशियों को मजबूती देने और आत्मविश्वास बढ़ाने में इस योग के लाभ हैं।

वृक्षासन को करने के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर अब अगले धमाके की तैयारी में

क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी होगी। इस फिल्म का निर्माण यूनिवर्सल की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म होमर की प्रसिद्ध कविता ओडिसी पर आधारित है, जिसे करीब 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व लिखा गया था। इस फिल्म की शूटिंग नए आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग से दुनियाभर के स्थानों पर की जाएगी। यूनिवर्सल स्टूडियो ने एक बयान में कहा, "क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी एक एक्शन फिल्म है, जो पूरी दुनिया में आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग करते हुए शूट की जाएगी। यह फिल्म होमर की इस ऐतिहासिक गाथा को पहली बार आईमैक्स स्क्रीन पर पेश करेगी। 17 जुलाई, 2026 को यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।"



यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं, जिनमें साइकलोप्स पोलिफेमस, सीरिन्स, और जादूगरनी सर्के जैसी मशहूर घटनाएं शामिल हैं। अंत में यह कहानी ओडिसियस की अपनी पत्नी पेनलोप से मुलाकात पर समाप्त होती है।

द ओडिसी को पहले भी कई बार फिल्म और टेलीविजन पर रूपांतरित किया जा चुका है। इसे साल 1954 में इतालवी फिल्म यूलीसिस और साल 1997 की मिनी-सीरीज द ओडिसी में रुपांतरित किया गया था।

## टॉलीवुड

### 'बारोज' के बाद निर्देशन नहीं करेंगे मोहनलाल, बताई खास वजह

मोहलाल की निर्देशन में बनी फिल्म 'बारोज' की रिलीज में अब सिर्फ कुछ दिन ही बाकी हैं। हाल ही में इस दिग्गज अभिनेता ने खुलासा किया कि 'बारोज' के बाद वह किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। मोहनलाल ने कहा कि 'बारोज' उनकी पहली और आखिरी निर्देशन वाली फिल्म होगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशन का कारण भी बताया और कहा कि उनका मूल विचार थ्रीडी फिल्म बनाने का था, जिसे बिना थ्रीडी चश्मे के देखा जा सके। मोहनलाल ने कहा कि आमतौर पर लोग थ्रीडी फिल्में देखने के बाद सिर दर्द की शिकायत करते हैं, लेकिन 'बारोज' के प्रीव्यू शो में ऐसा नहीं हुआ। मोहनलाल ने पहले एक ऐसी थ्रीडी फिल्म बनाने का विचार किया था, जिसे बिना चश्मे के देखा जा सके, लेकिन यह काफी महंगा था। मोहनलाल ने कहा कि वह असंभव चीजों को करने का शौक रखते हैं और इसी कारण उन्होंने 'बारोज' का निर्देशन करने का निर्णय लिया। अभिनेता ने कहा कि फिल्म को बनाते समय सबकुछ सही तरीके से होता चला गया।



फिल्म की एक दिलचस्प जानकारी यह है कि 'बारोज' की टीम ने हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हैंस जिमर से संपर्क किया था, ताकि वह फिल्म का संगीत तैयार कर सकें। मोहनलाल ने उन्हें एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पूछा, लेकिन हैंस जिमर ने जवाब दिया कि उनके पास समय नहीं है। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि हैंस जिमर की टीम ने फिल्म के साउंडट्रैक में योगदान दिया है और उनके कुछ संगीतकार भी इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। 'बारोज' बड़े पर्दे पर 25 दिसंबर को रिलीज हुई है। वहीं, उन्नी मुकुंदन की फिल्म 'मार्को' भी चर्चा में है। फिल्म को जबर्दस्त सकारात्मक समीक्षाएं मिल रही हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## भोजपुरी

### 'रंगदारन के चीफ' में रितेश का स्वैग भरा गाना रिलीज होते ही वायरल

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने धमाकेदार गानों से फैंस के दिलों पर राज करने वाले सुपरस्टार सिंगर रितेश पांडेय का नया गाना 'रंगदारन के चीफ' यूट्यूब चैनल 'वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी' पर रिलीज हो गया है। इस गाने में उनके साथ खूबसूरत अदाकारा माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं और दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री ने फैंस को दीवाना बना दिया है। अपने इस नए गाने के बारे में रितेश पांडेय ने कहा, 'यह गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। इसका म्यूजिक और लिरिक्स दर्शकों को एंटरटेन करने के साथ-साथ झूमने पर मजबूर कर देगा। दर्शक इसे खूब पसंद करेंगे।' गाने के निर्माता रत्नाकर कुमार कहते हैं, 'भोजपुरी इंडस्ट्री में एक नया ट्रेंड सेट करने के मकसद से यह गाना बनाया गया है। हमें उम्मीद है कि यह गाना भोजपुरी म्यूजिक को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।' माही श्रीवास्तव ने गाने की शूटिंग को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'रितेश जी के साथ काम करना हमेशा शानदार होता है। इस गाने में स्वैग और एंटरटेनमेंट का परफेक्ट मिश्रण है। दर्शकों का रिस्पॉन्स देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है।'



इस गाने के बोल लिखे हैं मांजी मीत ने, जबकि इसका संगीत धर्मेंद्र चंचल ने दिया है।

मौसम का तकाजा

लाइफ स्टाइल



इन दिनों यूरोप के ज्यादातर मुल्कों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इस बीच फैशन शो भी पूरी गर्मजोशी के साथ हो रहे हैं। ऐसे में सर्दी से बचने इस मॉडल में पूरा इंतजाम किया हुआ है। पेरिस फैशन वीक में विंटर-24 शो के दौरान सभी मॉडलों ने चुनिंदा कलेक्शन पेश किया। इसे फैशन जगत में खूब तारीफ मिली।

# स्किन लाइटनिंग में मदद करता है कोको बटर, ऐसे करें इस्तेमाल

हम सभी अपनी स्किन को लाइटन व ब्राइटन करना चाहती हैं और इसके लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो कोको बटर की मदद से भी स्किन को लाइटन कर सकती हैं। आप कोकोआ बटर और कोकोनट ऑयल की मदद से एक बेहद ही मॉइश्चराइजिंग स्किन लाइटनिंग क्रीम बनाई जा सकती है। सबसे पहले डबल बॉयलर की मदद से कोकोआ बटर पिघलाएं। जब यह पिघल जाए तो इसमें नारियल का तेल और मीठा बादाम का तेल डालकर मिक्स करें।

अब मिश्रण को थोड़ा ठंडा होने दें, लेकिन पूरी तरह जमने नहीं दें। अब आप हैंड मिक्सर या ब्लेंडर का उपयोग करके तब तक ब्लेंड करें जब तक आपको एक क्रीमी टेक्सचर ना मिल जाए। अब आप इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। अंत में, क्रीम को एक साफ, एयरटाइट कंटेनर में डालकर स्टोर करें।

कोकोआ बटर के साथ बादाम का तेल और दही का कॉम्बिनेशन स्किन को लाइटन करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले कोकोआ बटर को डबल बॉयलर (बिगनर्स के लिए स्किन केयर टिप्स) या माइक्रोवेव में पिघलाएं। अब इसमें बादाम का तेल और दही डालकर मिलाएं।

आप इसे तब तक हिलाएं, जब तक कि यह अच्छी तरह से मिक्स न हो जाए। अब मिश्रण को ठंडा होने और जमने दें। अपनी स्किन को क्लीन करके क्रीम लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी से धो लें।



# न्यू ईयर पार्टी में पहननी है लाल रंग की साड़ी तो देखें क्या है ट्रेंड में



फैशन

बहुत से लोग तो अपने घरों में पार्टी होस्ट करते हैं, तो वहीं बहुत से लोग क्लब या ऑफिस में पार्टी करते हैं। वैसे तो पार्टी के लिए लाल रंग ही सबसे बेस्ट रहता है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाओं और लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो न्यू ईयर पार्टी के दिन क्या पहनें।

पार्टी के दिन ड्रेस और गाउन तो हर कोई पहनता है लेकिन अगर आप न्यू ईयर पर साड़ी पहनने का सोच रही हैं सबसे पहले इसके ट्रेंड के बारे में जान लें। आपको आज इस बारे में बताएंगे कि आजकल किस तरह की साड़ियां चलन में हैं, जिसे पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।



## जॉर्जट साड़ी

हैवी बॉर्डर वाली ऐसी जॉर्जट फैब्रिक की साड़ी आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेगी। इसके साथ बैकलेस ब्लाउज ही पहनें। इसके अलावा अगर आप इसके साथ बालों को कर्ल करेंगी तो आपका लुक कमाल का लगेगा।

## इंडो वेस्टर्न साड़ी

अगर आप क्रिसमस पार्टी में साड़ी पहनकर धमाल मचाना चाहती हैं तो मलाइका अरोड़ा के जैसी इंडो वेस्टर्न साड़ी बेहद खूबसूरत है। ये आपको काफी ग्लैमरस लुक देगी। इसके साथ आपको मेकअप और हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखना पड़ेगा।

## कॉटन की साड़ी

वैसे तो कॉटन की साड़ी हमेशा गर्मियों में कैरी की जाती है, लेकिन आप इसे सर्दियों में भी कैरी कर सकती हैं। ऐसी साड़ी पहनने में काफी आरायदामक होती है। आप चाहें तो इसके साथ ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको क्लासी लुक देगा।

## मिरर वर्क साड़ी

प्रियंका चोपड़ा का ये साड़ी लुक क्रिसमस पार्टी में आपको लुक देगा। पूरी प्लेन लाल रंग की साड़ी पर अगर इस तरह से सिर्फ बॉर्डर पर मिरर वर्क होगा, तो ये देखने में कमाल का लगेगा। ऐसी साड़ी खूबसूरत भी लगती है।

# अपनी पुरानी टाइट जींस पहनना चाहते हैं दोबारा, तो आजमाएं इन ट्रिक्स को

अधिकतर लड़कियों की वार्डरोब में जींस जरूर शामिल होती है। जींस में लड़कियों का लुक अच्छा लगता है। शर्ट, टॉप और कुर्ते आदि के साथ लड़कियां अपनी जींस को टीमअप कर सकती हैं। कुछ जींस ऐसी होती हैं, जो काफी पुरानी होने के बाद भी आपकी फेवरेट होती हैं। जिसे आप हमेशा अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाकर रखना चाहते हैं हालांकि आपकी फेवरेट जींस पुरानी हो जाती है, वह आपको टाइट, लूज होने लगती हैं या फिर जींस का रंग उतरने लगता है। ऐसे में आप उसे चाह कर भी पहन नहीं पाते।

क्योंकि आपकी वहीं पसंदीदा जींस अब पहनने पर अच्छी नहीं लगेगी। ऐसे में या तो आप अपनी पुरानी जींस को वार्डरोब से निकाल देते हैं या फिर आप टाइट हो गई जींस को पहनने के लिए अपने पहले वाले फिगर में वापस आने की कोशिश करते हैं। लेकिन फिगर मेंटेन रखना और स्लिम होना आसान नहीं होता। अगर आपकी वार्डरोब में ऐसी जींस हैं, जिन्हें आप दोबारा पहनना चाहते हैं तो कुछ ट्रिक्स को आजमा सकती हैं। चलिए जानते हैं पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए क्या हैं टिप्स और ट्रिक्स।

## टाइट जींस को पहनने के ट्रिक्स



अगर आपकी कोई जींस थोड़ी सी टाइट हैं तो उसे स्ट्रेच करके पहनने योग्य बनाया जा सकता है। टाइट जींस को ठीक करने के लिए पानी को गर्म करके एक स्प्रे बोतल में भर लीजिए। अपनी जींस को हैंगर पर टांगकर उसकी कमर और थाई के आसपास स्प्रे से पानी को छिड़कें। फिर जींस को हैंगर पर स्ट्रेच करते हुए टांगे। जींस के जिस हिस्से को स्ट्रेच किया है उसे लगभग एक दिन के लिए ऐसे ही हैंगर में टंगे रहने दें।

# शादी सीजन में काम आएंगे ये जरूरी हैक्स, कपड़ों से लेकर ज्वेलरी सेट करने की नहीं होगी चिंता

शादी के सीजन में आपने भी अपने तैयारियां कर ली होंगी। मगर आखिरी समय में चीजें इधर-उधर हो ही जाती हैं। ऐसे में वेडिंग के कुछ हैक्स आपके बहुत काम आने वाले हैं। अगर आप एक दुल्हन हैं या दुल्हन की सहेली, तो ऐसे में ये हैक्स आपकी बहुत मदद करेंगे।

## दुपट्टे को सिर में ऐसे टिकाएं

क्या आपके सिर से दुपट्टा बार-बार गिरा जा रहा है? क्या आपका सारा ध्यान इसपर है कि दुपट्टा सिर पर नहीं टिक पा रहा है? अरे अब चिंता मत कीजिए और इस हैक को तुरंत आजमा लीजिए। अपने दुपट्टे के किनारे में टिप-टॉप क्लिप्स को अंदर की ओर फंसा लें। इसके बाद तैयार होने के बाद, जहां से भी आपको दुपट्टा पहनने है, वहां पर क्लिप्स खोलकर दुपट्टा सेट करें और बालों पर क्लिप्स को बंद कर लें। इसके बाद देखिए आपका दुपट्टा बिल्कुल नहीं सरकेगा और आपका ध्यान भी नहीं भटकेगा।

## टाइट पजामे का ऐसे करें जुगाड़

अब ऐसा होता है कि आपने जो साइज सिलने के लिए टेलर को दिया हो, उससे ऊपर-नीचे साइज सिलकर आ जाता है। कई बार आपका वजन बढ़ जाता है, तो कई बार वजन घट जाता है। वजन घट जाए, तो उसका इलाज है, लेकिन वजन बढ़ने की स्थिति में क्या करेंगी। ऐसे में हमारा यह हैक आपके काम आएगा। अगर आपकी पैंट्स बहुत ज्यादा टाइट हो गई हैं, तो फिर पैंट के हुक में दो सेफ्टी पिन्स टक कर लें। सेफ्टी पिन्स में दो छोटे और पतले रिबन फंसाकर उन्हें आपस में बांध लें। इससे आपके फंक्शन के लिए आप आराम से तैयार होकर बैठ सकती हैं।



## बार-बार फिसलती सैंडल को ऐसे करें ठीक

बड़ी मुश्किल से कोई सैंडल या हील हमें पसंद आई है। उसे पहनकर हम अपनी शादी में या दोस्त की शादी में शो ऑफ करना चाहें, लेकिन समस्या है कि वो बार-बार फिसल रही है, तो फिर? ऐसा आपके साथ भी होता होगा कि कई सैंडल बार-बार फिसलती होगी, इसके लिए आप क्या करती हैं? कुछ नहीं, आइए तो यह हैक जान लें। आपका जो हेयर सेटिंग स्प्रे है, वो आपके काम आ सकता है।

कार्नर न्यूज

शादी व पार्टियों के मौसम में स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

# पार्टी में दिखाना है स्टाइल तो न्यू लुक्स से लें आइडिया, नजरें टिकेंगी आप पर

*इन दिनों सीजन शादियों और पार्टियों का है। लोग साल को विदा करने छुट्टियां बिताने बाहर भी जा रहे हैं वहीं कुछ ही दिनों में साल 2025 का आगाज होने वाला है। ऐसे में माहौल जश्न का हैं। लोगों ने साल के इस आखिरी हफ्ते के लिए कई तैयारियां भी कर ली हैं। विदेशों के साथ अपने देश में कई जगहों पर धूमधाम से पार्टियां चल रही है। शादियां अटेंड करने के अलावा लोग ईयर एंड की पार्टी में भी जा रहे हैं। बहुत से लोग घरों पर पार्टी करते हैं, वहीं बहुत से लोग क्लब या दूसरे शहरों में जाते हैं पार्टी के लिए।*



## जैकेट को दें प्राथमिकता

सर्दियों की इन पार्टियों में आप अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए जैकेट का इस्तेमाल जरूर करें। इस तरह की जैकेट काफी कूल दिखती है।

## जींस और शर्ट

कूल दिखने के लिए आप लाइट ब्लू रंग की डेनिम जींस के साथ लाइट ग्रीन रंग की शर्ट कैरी कर सकते हैं। इस रंग की शर्ट देखने में काफी क्लासी दिखती है।

## बीच पार्टी के लिए लुक

ज्यादातर लोग सर्दियों के मौसम में नए साल पर गोवा या किसी और बीच पर जाते हैं। अगर आपका भी ऐसा कुछ प्लान है तो आप इसी तरह से शॉट्र्स और शर्ट कैरी कर सकते हैं।

## व्हाइट लुक के साथ येलो जैकेट

अगर आप कुछ अलग क्रिएट करना चाहते हैं तो ऑल व्हाइट लुक के साथ इस तरह की पीले रंग की जैकेट पहन सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाने में मदद करेगी।

## ऑल ब्लैक लुक

इस तरह का ऑल ब्लैक लुक ज्यादातर लड़कों को पसंद आता है। ऐसे में आप भी इसी तरह का ऑल ब्लैक लुक कैरी करके अपना स्टाइल दिखा सकते हैं।

## फॉर्मल पैंट के साथ पहनें लेदर जैकेट

अगर आप कुछ अलग सा पहनने का सोच रहे हैं तो ब्लैक पैंट के साथ आप ग्रे रंग की लेदर जैकेट कैरी कर सकती हैं।